Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 315 | मंगलवार, 18 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह का बयान, बोले

# दोषियों को पाताल से भी ढूंढ़ निकालेंगे, सख्त सजा होगी

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता है। शाह ने एक्स पर लिखा कि उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता की। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी ! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है ! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत ! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार दिल्ली विस्फोट के दोषियों को पाताल लोक से भी ढूंढ निकालेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें उनके




अपराध के लिए कड़ी से कड़ी सजा मिले। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता है। शाह ने एक्स पर लिखा कि उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के 'सशक्त राज्य, सशक्त राष्ट्र' के दृष्टिकोण को साकार करते हुए, क्षेत्रीय परिषदों ने संवाद, सहयोग और समन्वय के माध्यम से राज्यों के बीच नीतिगत तालमेल सुनिश्चित किया है, जिससे भारत क्षेत्रीय शक्ति, राष्ट्रीय प्रगति और वैश्विक नेतृत्व के पथ पर अग्रसर है। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान राज्य और दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख एवं चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (हरियाणा), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश), भगवंत मान (पंजाब), भजनलाल शर्मा (राजस्थान), रेखा गुप्ता (दिल्ली), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा (जम्मू-कश्मीर) और वीके सक्सेना (दिल्ली) ने बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बैठक की शुरूआत में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया।

## अब असम में स्पेशल रिवीजन की बारी, चुनाव आयोग ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने 2026 असम विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के ₹विशेष पुनरीक्षण₹ का आदेश दिया है, जिसकी अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 होगी।

यह कदम त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिसे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने स्वागत योग्य बताया है। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी ! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को असम में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का आदेश दिया। यह विशेष पुनरीक्षण, मतदाता सूची के वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच का एक चरण है। असम के



मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, राज्य में विशेष पुनरीक्षण कार्य करने की अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 होगी। यह घटनाक्रम बिहार में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के सफल समापन के कुछ दिनों बाद सामने आया है, जहाँ शीर्ष चुनाव निकाय ने सबसे पहले एसआईआर अभियान चलाया था। आदेश में कहा गया है कि चूँकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण वास्तव में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ शुरू होता है, इसलिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण की वास्तविक शुरूआत से काफी पहले विभिन्न पुनरीक्षण-पूर्व गतिविधियाँ पूरी की जानी आवश्यक हैं, जिसका एकमात्र उद्देश्य उच्च-निष्ठा मतदाता सूची प्राप्त करना है।

## बस-टैंकर की भीषण टक्कर, उमराह के लिए गए 45 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।**

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है। सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस



**पीएम मोदी ने जताया दुख**


आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया है कि सऊदी अरब में हुए बस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी हैं। मीडिया से बात करते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि 'बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।'

पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमें जो सूचना मिली है, उसके मुताबिक 45 लोग मारे गए हैं और ये लोग 23 नवंबर को हैदराबाद लौटने वाले थे। एआईएमआईएम विधायक माजिद हुसैन ने भी बताया कि हमें जो शुरूआती रिपोर्ट मिल रही है, उसके तहत हादसे में 40 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## दिल्ली धमाके के बाद गुजरात पुलिस की सख्ती

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में लाल किले के पास कार विस्फोट और फरीदाबाद से विस्फोट की बरामदगी के साथ गुजरात पुलिस ने राज्य में राष्ट्र विरोधी तत्वों की खोजबीन का आदेश दिया है। डीजीपी विकास सहाय ने गुजरात पुलिस से पिछले 30 साल में कितने लोगों के खिलाफ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मामले दर्ज किए गए। उनका ब्योरा देने को कहा है। सहाय ने पुलिस को 100 घंटे का समय दिया है। डीजीपी विकास सहाय का कहना है कि यह आदेश गुजरात एटीएस द्वारा संदिग्ध आतंकियों को पकड़ने और फिर फरीदाबाद में विस्फोटक मिलने की घटना के बाद दिल्ली में विस्फोट के मद्देनजर



लिया गया है। डीजीपी ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस रिपोर्ट में यह बताए कि पूर्व में देश विरोधी गतिविधि में नामजद हुआ व्यक्ति अब क्या कर रहा है ? पुलिस प्रमुख का यह निर्देश एटीएस द्वारा तीन लोगों को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के लगभग एक हफ्ते बाद आया है।

## आईसीटी ने दिया फैसला, संपत्तियां भी होंगी जब्त

# शेख हसीना को सुनाई गई मौत की सजा



**नई दिल्ली।**

शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की ओर से बड़ा फैसला देते हुए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी माना गया है और उन्हें सजा ए मौत दी गई है। शेख हसीना के मामले में इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिर्ब्यूनल की ओर से फैसला दे दिया गया है। उन्हें कोर्ट की ओर से मौत की सजा सुनाई गई है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध और हत्या जैसे कुल 5 मामले चल रहे थे, जिस पर तीन सदस्यीय ट्राइब्यूनल ने अपना 453 पन्नों का फैसला सुना दिया है। उन्हें अलग-अलग मामलों में आईसीटी ने दोषी करार दिया है और मौत की सजा सुनाई है। ट्रिब्यूनल को जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदर लीड कर रहे थे। आईसीटी जज के मुताबिक ये मामला काफी बड़ा था, ऐसे में फैसला भी 6 भाग में सुनाया गया है। अदालत के इस फैसले को बांग्लादेश के राजनीतिक इतिहास का अनोखा क्षण माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब देश की सर्वोच्च राजनीतिक पद पर रही नेता के खिलाफ इस स्तर का फैसला सुनाया गया। बांग्लादेश में पहली बार इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल किसी तत्कालीन प्रधानमंत्री के खिलाफ फैसला सुनाया गया है। ट्राइब्यूनल ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल, और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामुन के खिलाफ चल रहे मामले में फैसला पढ़ा।

## गाजा में सैनिक भेजने के मसले पर पाक में मुनीर का विरोध

**नई दिल्ली।** कभी मुस्लिम हितों की रक्षा करने वाले सेनापति कहे गए पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अब अपने ही जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। मसला गाजा में अंतरराष्ट्रीय सेना में हिस्सेदारी का है, वहां पर पाकिस्तानी सैनिकों की टुकड़ी जल्द भेजी जा सकती है। इस आशय के संकेत मिलने मात्र से पाकिस्तान में मुनीर और सरकार का विरोध शुरू हो गया है। कहा जाने लगा है कि मुनीर अपने लालच के चलते इजरायल समर्थित गाजा समझौते में शामिल होने जा रहे हैं।

## दिल्ली में गिरेगा पारा, यूपी-बिहार में शीतलहर का 'अटैक'

**नई दिल्ली।**

देश का उत्तर भारत का इलाका इस समय भीषण ठंड की चपेट में हैं। कई जगहों पर शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अधिकांश शहरों में तापमान में कमी महसूस की जा रही है। लोगों को अब दिन में खिली धूप पसंद आने लगी हैं। जहां एक ओर उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी है, तो दूसरी ओर देश के दक्षिणी हिस्से में बारिश का तांडव देखने को मिल रहा है। दक्षिण भारत के कई राज्यों में




पिछले कुछ दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच आइए आपको बताते हैं देश के विभिन्न हिस्सों में आज यानी मंगलवार को मौसम कैसा रहेगा? भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 18 नवंबर यानी मंगलवार दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल सकता है। तापमान में कमी महसूस की जाएगी। सुबह और शाम को ठंड का एहसास होगा। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का अधिकतम तापमान आज 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों शीतलहर देखने को मिल रही है। प्रयागराज में आज सोमवार को सीजन का पहला कोहरा छाया दिखा।

## गाजा के लिए अमेरिका की योजना को यूए सुरक्षा परिषद की मंजूरी

**नई दिल्ली।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी देते हुए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खोल दी। दो साल के इस्राइलझ्हमास युद्ध के बीच यह कदम युद्धविराम को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। प्रस्ताव में ट्रंप की 20-बिंदु योजना और ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्व के गठन का प्रावधान है, जो 2027 तक सीमा सुरक्षा और क्षेत्र के हथियारमुक्त करने जैसे अहम कार्य संभालेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी देकर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खोल दी है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी दे दी, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती और भविष्य में फलस्तीनी राज्य की संभावित राह का जिक्र है। हालांकि दूसरी ओर रूस और चीन ने मतदान से दूरी बनाई, जबकि 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। अमेरिका को उम्मीद थी कि रूस अपना वीटो इस्तेमाल नहीं करेगा। बता दें कि दो साल से चल रहे इस्राइलझ्हमास युद्ध के बाद यह प्रस्ताव गाजा में जारी नाजुक युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। कई अरब और मुस्लिम देशों ने पहले ही संकेत दे दिया था कि वे गाजा में सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय बल भेजने में तभी हिस्सा लेंगे, जब सुरक्षा परिषद से इसकी औपचारिक अनुमति मिल जाए। ज्यादा रोचक बात ये है कि अमेरिकी प्रस्ताव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20 बिंदुओं वाली युद्धविराम योजना को समर्थन दिया गया है।



**अंतरराष्ट्रीय बल की तैनाती का रास्ता साफ**

## संपादक की कलम से

# निशाने पर 32 शहर

फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी के 15 डॉक्टर गायब हैं, लेकिन जांच एजेंसियां देश भर में ऐसे 200 आतंकी डॉक्टरों की तलाश कर रही हैं। उन मस्जिदों और ठिकानों की भी गहरी जांच की जाएगी, जहां फरार आतंकी डॉक्टर छिपे हो सकते हैं अथवा नए किस्म के आतंकवाद में उनकी भूमिका संदिग्ध और सवालिया है। आतंकी डॉक्टरों से जुड़ी जो परतें खुल रही हैं, उनके मद्देनजर लादेन, अल जवाहीरी


ललित शर्मा
संपादक

सरीखे अलकायदा के सरगना आतंकियों की साजिशों को भी मात दी जा रही है। अलफलाह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 के कमरा नंबर 13 में साजिशों की बैठकें होती थीं। तय किया गया था कि 32 कारें खरीदी जाएंगी, जिनके जरिए देश के 32 शहरों में आत्मघाती विस्फोट किए जाएंगे। अब जांच एजेंसी एनआईए ने भी खुलासा कर दिया है कि लालकिले के पास वाला कार-विस्फोट हड़बड़ी में नहीं किया गया अथवा कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि वह एक फिदायीन हमला था और डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती बॉम्बर था। अब यह भी रहस्योद्घाटन हो चुका है कि आतंकी डॉक्टरों ने 20 लाख रुपए का आतंकी फंड जुटाया था। जिन हवाला एजेंटों के जरिए यह पैसा आतंकियों तक पहुंचा, जांच एजेंसियां उनसे भी पूछताछ कर रही हैं। बहरहाल यह आतंकी फंड उमर नबी को सौंप दिया गया था। उमर ने 3 लाख रुपए का फर्टिलाइजर हरियाणा के नूंह (मेवात) से खरीदा था। यह बम बनाने में सहायक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। दिल्ली विस्फोट 10/11 से पहले उमर नबी ने नूंह की हिदायत कॉलोनी में एक कमरा किराए पर लिया था। वहां विस्फोटक सामग्री भी जमा की थी। नूंह और अलफलाह यूनिवर्सिटी के बीच उमर की आवाजाही सीसीटीवी में कैद होती रही। ऐसी 1300 से अधिक सीसीटीवी की फुटेज जांच एजेंसियों ने खंगाली हैं। जिस कमरे में साजिश की बैठकें होती थीं, वह एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल का कमरा था, जिसे अब सील कर दिया गया है। जांच एजेंसियों को उस और असिस्टेंट प्रोफेसर रहे डॉ. उमर नबी के कमरा नंबर 4 से डायरियां, पेन ड्राइव, डिजिटल डाटा आदि बरामद हुए हैं। उनमें कई कूटनाम सामने आए हैं। उन्हें खंगालने और असलियत की तह तक पहुंचने की कोशिशें जारी हैं। आतंकी डॉक्टर आपस में थ्रीमा एप के जरिए संवाद करते थे और संपर्क में रहते थे। यह एप मोबाइल नंबर से लिंक नहीं होता, लिहाजा आसानी से पकड़ा भी नहीं जा सकता। आतंकी सिर्फ कश्मीर, दिल्ली, उप्र, फरीदाबाद में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि उनके तार सऊदी अरब, तुर्किए, दुबई, नेपाल तक भी फैले थे। इन देशों, शहरों में आतंकी संगठन जैश-ए-मुहम्मद के हैंडलर्स भी मौजूद रहे हैं। वहीं से आतंकी डॉक्टरों को निर्देश मिलते रहे हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि डॉ. शाहीन सईद उर्फ मैडम सर्जन नेपाल भागने की फिराक में थी। वह उप्र के हापुड़ और उत्तराखंड में महिला जेहादियों का भतीर्खाना खोलना चाहती थी। भवन की सतह पर दवाखाना हो और तहखाने में जेहाद का भतीर्खाना हो, यह शाहीन का मंसूबा था, लेकिन पुलिस और सुरक्षा बलों की गिरफ्त में फंस गई। अलफलाह यूनिवर्सिटी की पोलपट्टी भी खुल रही है। यकीनन यह आतंक का अड्डा है। मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर यूजीसी के आदेश पर एनएएसी (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) ने यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# 8 वाँ राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस 18 नवंबर 2025:-एक सुरक्षित वैज्ञानिक और स्थाई स्वास्थ्य प्रणाली-स्वास्थ्य क्रांति का नया अध्याय


गोंदिया




वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के विकास के साथ चिकित्सा विज्ञान ने जितनी प्रगति की है,उतनी ही तेजी से जीवनशैली आधारित बीमारियाँ भी बढ़ी हैं।आज कैंसर,हार्ट अटैक,मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अवसाद,मोटापा और प्रतिरक्षा तंत्र की कमजोरी जैसी बीमारियाँ वैश्विक चुनौती बन चुकी हैं। आधुनिक चिकित्सा जहाँ उन्नत उपचार प्रदान करती है,वहीं बीमारियों के मूल कारण, जीवनशैली ,तनाव,प्रदूषण गलत खान-पान और अनियमित दिनचर्या,को प्राकृतिक चिकित्सा ही सबसे सरल, सुरक्षित और प्रभावी रूप से संबोधित करती है।इसी बढ़ते महत्व के कारण हर वर्ष 18 नवंबर को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल प्राकृतिक उपचार के विचारों का प्रसार है, बल्कि एक स्वस्थ, सशक्त और रोग-प्रतिरोधक समाज की नींव रखने की वैश्विक पहल भी है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज दुनियाँ जिस दिशा में जा रही है, वहाँ जीवनशैली जनित रोगों का खतरा अत्यधिक बढ़ता जा रहा है। कंप्यूटर, मोबाइल, तनाव, नींद की कमी, बाहर का भोजन, प्रदूषण,और निष्क्रिय जीवनशैली ने शरीर को बीमारियों का घर बना दिया है।ऐसे समय में प्राकृतिक चिकित्सा का प्रसार और प्रचार बेहद आवश्यक हो जाता है, क्योंकि यह सस्ती, सुलभ, बिना दुष्प्रभाव, और वैज्ञानिक आधार वाली चिकित्सा है,जिसका मुख्य उद्देश्य रोग को हटाना नहीं बल्कि स्वास्थ्य को स्थायी रूप से स्थापित करना है।प्राकृतिक चिकित्सा दिवस (18 नवंबर) की उत्पत्ति का उद्देश्य ही यह था कि देश और दुनियाँ के लोग अपनी जड़ों की ओर लौटें और नेचर केयरस अर्थात प्रकृति ही चंगा करती है,इस विचार को पुनर्स्थापित करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि आधुनिक दवाइयाँ केवल बीमारी को दबाती हैं,परंतु प्राकृतिक चिकित्सा बीमारी के कारण को मिटाती है।

साथियों बात अगर हम प्रकृति- सबसे बड़ी हीलर और संतुलित जीवनशैली,सबसे बड़ी दवा इसको समझने की करें तो,मनुष्य जब प्रकृति से दूर होता है तो बीमार पड़ता है, और जब वह प्रकृति के पास लौटता है तो बिना दवा के भी स्वस्थ हो जाता है। यही प्राकृतिक चिकित्सा का मूल मंत्र है। प्रकृति ने हमें हवा, पानी, धूप, मिट्टी और भोजन दिया,ये पाँच तत्व ही असली डॉक्टर हैं। संतुलित जीवनशैली, नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार पर्याप्त आराम, मानसिक शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी आधुनिक दवा से अधिक प्रभावी साबित होती है।प्रकृति का हीलिंग प्रभाव वैज्ञानिक प्रयोगों से सिद्ध है-

(1) वनस्पतियों के बीच रहने से स्ट्रेस हार्मोन 40 प्रतिशत तक कम हो जाता है(2)सूर्य किरणें ळ-सेल्स और इम्यून कोशिकाओं को सक्रिय करती हैं (3) मिट्टी में मौजूद माइक्रोब्स मानसिक अवसाद कम करते हैं (4) जंगल की हवा एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है (5) प्राकृतिक वातावरण रक्तचाप और नाड़ी की गति को सामान्य करता है इसलिए कहा जाता है,अगर जीवन संतुलित है तो दवा की जरूरत नहीं पड़ती, और अगर जीवन असंतुलित है तो दवा भी पूरी तरह लाभ नहीं देती।

साथियों बात अगर हम,दिनचर्या और जीवनशैली में सुधार द्वारा रोग प्रतिरोधक शक्ति कैसे बढ़ाई जा सकती है,इसको समझने की करें तो मानव शरीर अद्भुत है।इसमें स्वयं को ठीक करने की क्षमता जन्मजात होती है। लेकिन आज का जीवन,तेज गति, तनाव प्रदूषण, देररात जागना फास्ट फूड और मानसिक दबाव,इस प्राकृतिक क्षमता को कमजोर कर देता है। रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए जीवनशैली सुधार सबसे महत्वपूर्ण और वैज्ञानिक तरीका है। (1) सूर्योदय के साथ दिनचर्या की शुरूआत- सुबह की धूप विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत है, जो इम्यून सिस्टम को अत्यधिक सशक्त बनाता है। सूर्योदय के समय वायु शुद्ध होती है और शरीर ऊर्जा से भर जाता है। (2) प्राकृतिक आहार पर आधारित भोजन-कच्चा भोजन, मौसमी फल,अंकुरित अनाज, सलाद हरी सब्जियाँ, नारियल पानी, नींबू, फाइबर और कम तेल वाला भोजन शरीर को शुद्ध करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।(3)जल का संतुलित सेवन- शरीर में 70 प्रतिशत पानी होता है।सुबह गुनगुना पानी पीना, जल- चिकित्सा और पर्याप्त हाइड्रेशन शारीरिक टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है। (4) श्वास और योग अभ्यास-रेगुलर प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका और ध्यान,मानसिक तनाव कम करते हैं और कोशिकाओं में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाते हैं। (5) पर्याप्त नींद-7-8 घंटे की नींद हार्मोन संतुलन बनाती है, अवसाद कम करती है और प्रतिरक्षा तंत्र को सक्रिय करती है। (6) तनाव प्रबंधन-मेडिटेशन, संगीत, प्रकृति में समय, पेड़-पौधों के बीच चलना, और डिजिटल डिटॉक्स तनाव से मुक्ति के श्रेष्ठ उपाय हैं। (7) सक्रिय दिनचर्या-चलना, तैरना, हल्का व्यायाम, गार्डनिंग, ये सभी इम्यून सेल्स को सक्रिय रखते हैं।इन आदतों के माध्यम से शरीर स्वाभाविक रूप से मजबूत बनता है और गंभीर बीमारियों से बचाव की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

साथियों बात अगर हम कैंसर और हार्ट अटैक जैसी भयानक बीमारियों में प्राकृतिक चिकित्सा का योगदान- विज्ञान, व्यवहार और संभावनाएँ इसको समझने की करें तो,कैंसर और हार्ट अटैक आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न सबसे गंभीर बीमारियों में शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनियाँ में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और हृदय रोग आज भी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हैं।यद्यपि इन बीमारियों का प्रत्यक्ष इलाज आधुनिक चिकित्सा के माध्यम से ही संभव है, लेकिन इनकी रोकथाम, जोखिम कम करने और उपचार के बाद स्वस्थ होने की प्रक्रिया में प्राकृतिकचिकित्सा अत्यंत प्रभावी रूप से कार्य करती है।प्राकृतिक चिकित्सा मूलतः शरीर की अपनी चिकित्सकीय शक्ति को सक्रिय करने पर आधारित विज्ञान है। इसमें पाँच प्रमुख तत्व,जल, वायु, धूप, मिट्टी और आहार,को संतुलित उपयोग के माध्यम से शरीर को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया है। कैंसर के संदर्भ में प्राकृतिक चिकित्सा सूजन को कम करने, टॉक्सिन हटाने, हार्मोन संतुलन, और मानसिक तनाव घटाने में अद्भुत प्रभाव डालती है। कई शोध यह बताते हैं कि प्राकृतिक भोजन, ऑर्गेनिक आहार, योग, सूर्य स्नान, जल चिकित्सा और भावनात्मक संतुलन कोशिकाओं की उम्र बढ़ने और डीएनए क्षति को कम कर सकते हैं,जो कैंसर के प्रमुख कारणों में से हैं।हार्ट अटैक की रोकथाम में भी प्राकृतिक चिकित्सा एक स्तंभ के समान है। डॉ. डीन ऑर्निश और अन्य वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि जीवनशैली सुधार,खान-पान, मेडिटेशन, गहरी श्वास, प्राकृतिक आहार और तनाव प्रबंधन,हृदय की धमनियों में जमा वसा को कम करने में सहायक हो सकता है। नेचर क्योर की पद्धति रक्तचाप को नियंत्रित करती है, कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करती है।

## उदय किशोर साह



## प्रेम दिवस

### कविता

प्रेम का ये दीप जलाई मैं फैला उजियारा
दुश्मनी को आज मैं मन से किया किनारा
ईष्या द्वेष को खदेड़ कर भगा दो मेरे भाई
किसी काम की ना है ये फसल हरजाई

प्रेम दिवस की आई है सुनहरी ये सवेरा
घर घर डालने दो प्रेम का यहाँ पे डेरा
मानवता युग का हो रहा आज से आगाज
हँसी खुशी से बीत जाये पूरा दिन आज

वेद पुरान नहीं सिखलाता है जग में विद्वेष
गीता में भी पढ़ लो भाईचारा की वो संदेश
मानव हैं मानवता का हो आचार विचार
जिसपे टिका है अपना खुशी का संसार

गंगा की निर्मल धारा सा संस्कार हो हमारी
ज्ञान की बह रही हो जहाँ रीत वो। प्यारी
जो इन्सान हैं उनकी नजर है इन्सानियत का
हैवानियत का ना है कदर मन में जरी सा

पड़ोसी को गले लगाना बना कर भाई भाई
मोहब्बत से ना हो मानव के मन से जुदाई
मानवता का ये संदेशा मैं ले जग में हूँ आया
गले लगा लो मुझे जिनको मैं दिल से भाया

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियों


ललित गर्ग



बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरूआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी ह्यजंगलराजह्ण को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा। बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल ह्यसौदेबाजीह्ण बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों। बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फ इसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है।

अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का सी-थ्रू गाउन लुक वायरल

## आत्मविश्वास और स्टाइल का बेहतरीन संगम

**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता प्रयागराज**





**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन कर चुकीं मिसेज एशिया विजयता सचदेवा एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित में उनका सी-थ्रू, बहुरंगी क्रिस्टल से सजा हुआ गाउन लुक इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया।

यह लुक न केवल उनके फैशन सेंस का उदाहरण था बल्कि आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का प्रतीक भी बन गया। बताया जा रहा है कि विजयता सचदेवा ने आखिरी क्षण में अपने परिधान में बदलाव किया – पहले से तय रेड-ब्लैक गाउन की जगह उन्होंने गोल्ड सी-थ्रू क्रिस्टल गाउन पहनने का साहसिक निर्णय लिया। इस बदलाव ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में फैंस ने उनके इस कदम की खूब सराहना की। विजयता का यह गाउन मल्टी-कलर्ड क्रिस्टल्स और सीक्विन्स से सजा हुआ था, जिसमें स्पैगेटी स्ट्रैप्स, प्लंजिंग नेकलाइन और फ्लोर-ग्रेजिंग हीम जैसी डिटेलिंग थी। स्मोकी आईज, करमल-ब्राउन लिप्स और हाईलाइटर से सजा चेहरा उनके लुक को और भी निखार रहा था। फैशन विशेषज्ञों के अनुसार, मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का यह अंदाज बताता है कि मंच पर केवल तैयार रहना ही नहीं बल्कि परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेना भी सफलता का मूल मंत्र है। इस गाउन लुक ने उन्हें न सिर्फ ट्रेंडिंग लिस्ट में पहुंचाया, बल्कि आत्मविश्वासी भारतीय महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल भी बना दिया।

# प्रयागराज में गूंजे ढोल-नगाड़े – काउंसिल चुनाव में सुशील कुमार पांडेय ने दाखिल किया नामांकन, समर्थकों का उमड़ा सैलाब

**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज संगम नगरी आज चुनावी जोश से सराबोर रही, जब अधिवक्ता सुशील कुमार पांडेय ने भारी उत्साह और उमंग के बीच अपना नामांकन दाखिल किया। ढोल-नगाड़ों की तेज धुनों, फूल-मालाओं और समर्थकों के जोशीले नारों ने पूरे बार काउंसिल परिसर को जीवंत कर दिया। सुशील कुमार पांडेय अपने समर्थकों के विशाल काफि ले के साथ नामांकन स्थल पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया और हर कदम पर उनके समर्थन में नारे गूंजते रहे। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद अधिवक्ता हितों की सुरक्षा और सम्मान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि– अधिवक्ताओं के अधिकार, सुविधाओं और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। सरकार को अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर ठोस नीति लागू करनी ही होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर वे संघर्ष के साथ-साथ रचनात्मक पहल भी करेंगे, ताकि बार के प्रत्येक अधिवक्ता को सम्मान और सहयोग मिल सके। आज के नामांकन कार्यक्रम में उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। समर्थकों में अभिषेक शुक्ला, समीर पांडेय, दीपू गुप्ता, पवन तिवारी, देव पांडेय, संदीप त्रिपाठी, शानू यादव, शल्यू मिश्रा, आशीष मिश्रा, सिंटू पांडेय, आलोक कुमार मिश्रा सहित कई प्रमुख अधिवक्ता मौजूद रहे और उन्होंने पांडेय के समर्थन में अपना विश्वास व्यक्त किया। प्रयागराज में अधिवक्ताओं का यह उत्साह बताता है कि काउंसिल चुनाव इस बार बेहद रोचक और ऊर्जावान होने वाला है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान भाग 3.0 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूटी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह जागरूकता रैली अंबेडकर पार्क से गांधी समाधि, नवाब गेट, मिस्टन गंज चौराहा, किला गेट, बापू मॉल होते हुए फिजिकल ग्राउण्ड में समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को तंबाकू का उपयोग न करने एवं अपने आसपास तथा अन्य लोगों को तंबाकू संबंधी रोगों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन में तम्बाकू के प्रति जागरुकता लाने के लिए प्रचार वाहन चलाया जा रहा है, जो नगर क्षेत्र में घूमकर सभी तंबाकू संबंधी बीमारियों और इसे छोड़ने के उपाय के बारे में लोगों को जागरुक करेगा। इस स्कूटी एवं बाइक रैली में स्वास्थ्य विभाग से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, डॉ. चहल डॉ. वर्मा चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# तहसील टाण्डा के ग्राम सिगनी निवासी महेन्द्र सिंह को मिला आयुष्मान कार्ड

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 4 दिन पूर्व जनता दर्शन के दौरान प्रार्थना पत्र लेकर आये तहसील टाण्डा के ग्राम सिगनी निवासी महेंद्र द्वारा आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण कैंसर इलाज के लिए सहायता मांगे जाने पर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल फरियादी का अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये। उन्होंने कैंसर रोग से ग्रसित महेंद्र सिंह का मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके छोटे बच्चे हैं और परिवार में अकेला कमाने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 06 माह में अपने इलाज में काफी रुपए खर्च कर चुके हैं और आज भी इलाज चल रहा है। परन्तु उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण महेन्द्र सिंह अपना इलाज नही करवा पा रहे हैं। प्रार्थी महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी से आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया, जिससे उनका इलाज आसानी से हो सके। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा महेंद्र सिंह का आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया है। आयुष्मान कार्ड, भारत सरकार की एक योजना है, जिसके तहत रजिस्टर्ड लाभार्थियों को 5 लाख तक का अस्पताल में मुफ्त इलाज होता है।

# जूनियर हाईस्कूल सिरसवाँ गौड़ में ब्लॉक-स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देश पर सोमवार को जूनियर हाई स्कूल सिरसवाँ गौड़ में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का पहला दिन उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एक मंच पर लाकर उनकी प्रतिभा, नवाचारी शिक्षण विधियों और उत्कृष्ट शैक्षणिक कौशल का आपसी आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में ब्लॉक के चयनित शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा प्रबंधन, तकनीकी उपयोग, विषयगत नवाचार और बेहतरीन शिक्षण तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों के इन प्रयासों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की और इसे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने में बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरपी विनय कुमार, एआरपी श्रवण कुमार, न्याय पंचायत प्रभारी कांकरखेड़ा सुदेश कुमार, सौरभ प्रासून तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता रहे। कार्यक्रम का संचालन पारुल जैन ने कुशलता पूर्वक किया। इस अवसर पर अरविंद, संजय सैनी, रईस आलम, चंद्र प्रकाश पंत, राजेंद्र, अंजना, श्वेता बिसारिया, शाजिया अहसन, हेमा गुप्ता, संगीता सहित ब्लॉक के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का दूसरा दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे बीआरसी नेकपुर में आयोजित होगा।

# थान गंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 25,000/-रू0 का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** वादी ने तहरीर दी कि अभियुक्तगण द्वारा वादी से उसके पुत्र की इनकम टैक्स ऑफिस दिल्ली मे इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख रुपये व शैक्षिण प्रमाण पत्र ले लेना, आनलाईन ट्राजेक्शन करवा लेना, दिल्ली इनकम टैक्स ऑफिस से पता करने पर सभी कागजात फर्जी होने के सम्बन्ध में थाना गंज पर मु0अ0सं0-83/2025 धारा-323/506/406/420/467/468/471 भादवि बनाम 1.मुंशीलाल पुत्र ख्यालीराम निवासी मडैयान नादर बाग थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर 2. उपेन्द्र पुत्र मुंशीलाल निवासी मडैयान नादर बाग थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर 3. अमित कुमार पुत्र रामवीर सिह निवासी नौगवां थाना सहाबर जिला कासगंज 4.अशोक कुमार पुत्र भगवन्त सिह निवासी मगघट्टी कस्बा टाण्डा थाना टाण्डा जिला रामपुर पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से अभियुक्तगण 1.मुंशीलाल, 2. उपेन्द्र उपरोक्त के नाम पृथक किये गये तथा अभियुक्त अशोक कुमार उपरोक्त द्वारा माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी स्टे प्राप्त किया गया। मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र राधेश्याम उर्फ रामवीर नि0 नौगवा सहावर कासगंज थाना सहावर जनपद कासगंज सही पता ग्राम गडिया (सुनौथ) पोस्ट कर्मपुर थाना गंज डुन्डवारा जनपद कासगंज की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा 25,000/-रू0 का ईनाम घोषित किया गया था।

# डैलिम्स सनबीम ग्रुप ऑफ स्कूल में अन्तरराष्ट्रीय चिल्ड्रेन फिल्म समारोह का भव्य आयोजन



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** 'डैलिम्स सनबीम स्कूल' की रोहनियाँ शाखा के भव्य हॉल में सोमवार को स्कूल सिनेमा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म उत्सव का उद्घाटन अत्यन्त उत्साह तथा आनन्द के माहौल में आयोजित किया गयो इस वर्ष का विषय बच्चों को दृष्टि दुनिया की कहानी इस कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मकता, कल्पना और संवेदना को नया आकाश देना है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयद सुल्तान अहमद, दो रशियन प्रतिनिधिमंडल के ज्यूरी निकोलाई डैन फिल्म निमार्ता एवं निर्देशक एवं एलेक्जेंडर शोकोलिन्को फिल्स एण्ड इजेंट प्रोड्यूसर के साथ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ० प्रदीप 'बाबा' मधोक, निदेशिका पूजा मधोक, एडिशनल डायरेक्टर मिस्टर माहिर मघोक, डीन ऑफ एकेडमिक सुभोदीप डे एवं प्रधानाचार्या गुरमीत कौर द्वारा अभिभावकद्वय की प्रतिछवि पर मार्त्यापण तथा दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया तत्पश्चात विद्यालय के अध्यक्ष तथा निदेशिका द्वारा मुख्य अतिथि तथा अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का उत्तरीय, बुके तथा उपहार भेंटकर स्वागत तथा अभिनंदन किया गया तदुपरांत संस्था के अध्यक्ष डॉ० प्रदीप 'बाबा' मधोक ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वैश्विक संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराना तथा फिल्म निर्माण और कला के प्रति रुचि बढ़ाना है संस्था की निदेशिका ने कहा कि संस्थानो में इस प्रकार के आयोजन सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं स्कूल सिनेमा इण्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रउकऋक्ष) का आयोजन 14 नवम्बर से 30 नवम्बर तक देश भर के विद्यालयों में किया जा रहा है इस 17 दिनों तक चलने वाले समारोह में 25 देशों की 100 से अधिक फिल्में दिखाई जाएगी।

# राजा भैया के समक्ष जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे का मुद्दा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की मासिक बैठक कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अचल कुमार शर्मा (जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ) ने की व बैठक का संचालन का कर्मवीर सिंह (जिला प्रधान महासचिव) ने किया व बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. विपिन कुमार (जिला अध्यक्ष) रहे। बैठक में पार्टी विस्तार हेतु चर्चा हुई व जिला अध्यक्ष की संतुति पर प्राकुल रस्तौगी को जिला सचिव बिजनौर, मौ. वसीम को नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नूरपुर, सचिन प्रताप को जिला महासचिव बिजनौर, अभिनव पाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जलीलपुर ब्लॉक, पाराश कुमार को नगर उपाध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ बिजनौर, निशांत कुमार को नगर उपाध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ बिजनौर का दायित्व भार सौंपा गया। जिला अध्यक्ष डॉ विपिन कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि आप सभी पार्टी की नीतियों का पूर्ण पालन करेंगे व जल्द ही जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी जिला बिजनौर में मजबूती के साथ खड़ी होगी

# रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** नूरपुर-चाँदपुर रोड स्थित गांव आजमपुर मे रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष दिवस में क्रिकेट मैच, नींबू रेस, और बच्चों का फोटो सेशन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे दिन खुशियों का माहौल बना रहा। फिल्मी गीत बच्चे मन के सच्चे पर डांस बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें उपस्थित अभिभावक विद्यालय की प्रस्तुति पर जमकर तारीफ करते दिखाई दिए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

बाल दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक रचित शर्मा एवं शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शिक्षकों द्वारा संबोधन में बताया गया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से अधिक लगाव रखते थे और बाल दिवस पर उसी समय से विशेष कार्यक्रम और विशेष दिन मनाया जाता है।

# आभा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क रजाई वितरण कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** आभा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क रजाई वितरण कार्यक्रम फादरसन पब्लिक स्कूल, स्याऊ, चाँदपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 1200 लाभार्थियों को रजाई दी गई। जिनमें 60 वर्ष और 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश सैनी (पूर्व विधायक), वीर सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार शर्मा, समाजसेवी रायबहादुर सिंह और मुनीश उपस्थित रहे। रजाई प्राप्त करने के बाद लोगों ने आभा फाउंडेशन का धन्यवाद किया और रजाई की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की। फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि फाउंडेशन समय समय पर समाज सेवा के कार्य करती रहती है जैसे रजाई वितरण, निःशुल्क चिकित्सा और नेत्र जाँच शिविर, गरीब कन्याओं की शादी, चश्मा वितरण और राशन वितरण। आभा सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी पूरी फाउंडेशन टीम का भी धन्यवाद किया। उन्होंने आगे बताया कि 10 दिसम्बर 2025 को कन्याओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा और जिसके लिए पंजीकरण 25 नवम्बर 2025 से फादरसन पब्लिक स्कूल में शुरू होगा।



# सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर निकाली गयीं भव्य एकता पदयात्रा

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ के प्रसिद्ध शिवबाबा मंदिर गेट से सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा यूनिटी मार्च निकाल कर एकता, अखण्डता व सामाजिक सौहार्द्र का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि सरदार पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय भावना से जुड़े हर नागरिक के लिए प्रेरणा का क्षण है।

एकता यात्रा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह सन्देश पहुंचाना है कि देश की प्रगति एकता, भाईचारे और सामूहिक संकल्पों से ही सम्भव है।ह्व सरदार पटेल की जयन्ती पर आयोजित यह ह्यएकता यात्राह्न केवल कार्यक्रम भर नहीं है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के जागरण का अभियान है। सरदार पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की अखण्डता का सबसे मजबूत स्तम्भ थे। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश उनकी 150वीं जयन्ती मना रहा है, तब यह केवल स्मरण का अवसर नहीं बल्कि उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का समय है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती मनाई जा रही है। उनके जयन्ती के अवसर पर बीते 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम हुआ था उसके बाद सभी विधान सभा में पदयात्रा कार्यक्रम चल रहा है। समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने का प्रयास हम लोग कर रहे हैं। आगे कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों ने गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को इतिहास में पहली बार वास्तविक शक्ति दी है। देश आज केवल विकास नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, गंगासागर मिश्रा, भाजपा नेत्री साधना चौधरी, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह, लालजी त्रिपाठी लाल बाबा, सिद्धार्थ चौधरी, रमेश मणि त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजी0 अमित यादव, पीपीएस के पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव सहित सैंकड़ों लोगों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहे, वंदे मातरम के उदघोष के साथ एकता रैली शोहरतगढ़ के शिव बाबा मंदिर गेट से डोईया नदी, महदेवा नानकार, सियांव नानकार होते हुए चोड़ार चौराहे पर जनसभा का आयोजन किया गया।

# नारी सुरक्षा, सम्मान और नए कानूनों की पुलिस ने दी जानकारी

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी




**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना पुलिस ने 'मिशन शक्ति' अभियान के पांचवें चरण के तहत 'शक्ति दीदी अभियान' और 'बहू बेटी सम्मेलन' कार्यक्रम का आयोजन किया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था।

प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में, पुलिस टीम ग्राम करमा के प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, और हाल ही में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी योजनाएं शामिल थीं। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया गया। कार्यक्रम में तत्काल सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई ताकि संकट के समय त्वरित मदद मिल सके। इन नंबरों में 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (वीमेन हेल्पलाइन), और 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) प्रमुख रहे। इस मौके पर मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम के हेड कांस्टेबल अमित यादव, अनिल चौहान व महिला कांस्टेबल खुशबू सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### रूपेश मिश्रा ने एक बार फिर परदा जरा सा हटा दो गीत से अपनी आवाज का जादू बिखेरा




वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लाल रूपेश मिश्रा ने एक बार फिर परदा जरा सा हटा दो गीत से अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। इस गीत को उनके यूटयूब चैनल पर खूब सुना जा रहा है। जो भी इस गीत को सुन रहा है, वह रूपेश मिश्रा का दीवाना बन जा रहा है। मालूम हो कि रूपेश मिश्रा उसका विकास खंड के निवासी है। वह एक शाफ्ट वेयर इंजीनियर है। इससे पूर्व उनका चयन जी टीवी के प्रतिष्ठित म्यूजिकल शो सारे गामा पा में हो चुका था। जहां उन्होंने अपनी गायकी से काफी प्रसिद्धि बटोरी। इसके बाद उनकी गायकी का सफर निरन्तर आगे बढ़ता गया और अभी कुछ दिनों पहले उनका एक गीत शिव की कृपा से सब बम-बम है शीर्षक से एक गीत रिलीज हुआ था। इसके बाद अब रूपेश ने परदा जरा हटा दो, मेरे प्यारे बांके बिहारी शीर्षक एक गीत रिलीज किया है। जिसे खूब प्रसिद्धि मिल रही है। इस गीत के लोकप्रिय होने से उत्साहित रूपेश मिश्रा ने बताया कि इस भक्ति गीत की धुन भी उन्होंने बनायी है। इस गीत का निर्देशन प्रशांत गुप्ता ने किया है तथा फिल्मांकन में इतिशा गुप्ता एवं आलोक सिंह राजपूत ने उनका साथ निभाया है। रूपेश ने बताया कि परदा जरा हटा दो की प्रसिद्धि ने उनके लिए सफलता के नये दरवाजे खोल दिये हैं।

### एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा का मथुरा पहुंचने पर किया स्वागत



**मथुरा।** 2 अक्टूबर से प्रारंभ हुई वाराणसी राजघाट से दिल्ली राजघाट के लिए निकली एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा का सोमवार को मथुरा पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया गया सभी का पटका माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। ठाकुर नरेशपाल सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सद्भावना, संविधान और लोकतंत्र की विरासत के लिए किसान, मजदूर, नौजवानों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों संवैधानिक अधिकारों व मानवीय गरिमा को बनाए रखने व भयमुक्त वातावरण के निर्माण के लिए लोगो से संवाद करना है। हमें विश्वास है कि आप सभी इस ऐतिहासिक पदयात्रा (1000) किमी लंबी यात्रा में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस करेंगे।इस अवसर पर सभी कांग्रेसी शुभचिंतक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त फौजी के घर चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज


**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव (मिजार्मुराद) में बीते शनिवार को चोरों ने दिनदहाड़े सेवानिवृत्त फौजी ज्ञानप्रकाश यादव के निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखा तीन लाख नगदी समय लाखो के जेवरात चोर उड़ा दिए थे।पीड़ित ज्ञानप्रकाश यादव के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की देर रात अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है जल्द की चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# रास्ते में नल लगाने के विवाद में महिला पर कुदाल से हमला

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के थाना क्षेत्र कपिलवस्तु के कटया गांव में रास्ते पर नल लगाने के विवाद को लेकर एक महिला पर कुदाल से हमला किया गया। पीड़िता रेनू पत्नी सुरेन्द्र ने 16 नवम्बर को कपिलवस्तु थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने ज्येष्ठ और परिवार के अन्य सदस्यों पर कुदाल से हमला करने और हाथ काटने का आरोप लगाया है।

रेनू के मुताबिक उनके ज्येष्ठ श्रीराम रास्ते के लिए छोड़ी गई जमीन पर जबरन नल लगा रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो श्रीराम, उनकी पत्नी दुर्गावती, बेटी सोनम और बेटे सुमित ने उनके घर में घुसकर कुदाल से हमला कर दिया। इस हमले



में रेनू के हाथ और सिर में चोटें आई हैं। पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि वह अपनी छोटी बच्ची के साथ घर पर अकेली रहती है। उन्हें डर है कि यदि उन्हें कुछ होता है, तो इसके जिम्मेदार हमलावर होंगे। पीड़िता रेनू का आरोप है कि 10 नवम्बर को एप्लीकेशन देने के बाद उसी दिन कार्रवाई न करते हुए 17 नवम्बर को जब दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, तो पुलिस ने उन पर सुलह का दबाव बनाया।

पुलिस ने कथित तौर पर कहा कि यदि चालान किया जाएगा, तो दोनों पक्षों का होगा, एक का नहीं। इस तरह चालान का डर दिखाकर उन्हें वापस भेज दिया गया। जबकि पीड़िता के हाथ में घाव साफ दिख रहे थे। रेनू ने बताया कि उनके पति शहर से बाहर रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं और वह घर में अपनी छोटी बच्ची के साथ अकेली रहती हैं। उनका आरोप है कि घर में कोई पुरुष सदस्य न होने के कारण उन्हें बार-बार परेशान किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं और हर बार पुलिस उन्हें इसी तरह टाल देती है, जिससे कोई सुनवाई नहीं होती।

## फरह फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**मथुरा/फरह।** सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे थाना फरह के फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के अनुसार पारस पुत्र स्वर्गीय हरप्रसाद अपने साथी बिट्टू पुत्र जयवीर, एवं नागेश ऊर्फ दीपक पुत्र नत्थीलाल फ्लाईओवर पर होंडा एजेंसी के पास पहुँचे, तभी बाइक तेज रफ्तार के कारण डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीन में से दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पारस गंभीर रूप से घायल हो गया।

# गिरिराज तलहटी में भजन संकीर्तन, भंडारे में उमड़ी भीड़



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज तलहटी के गोविन्द कुंड आन्यौर परिक्रमा मार्ग श्रीहरिमोहन दास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर श्री गोविन्द दास जी महाराज के संरक्षण में किशन दिल्ली वालों द्वारा श्रीनाथजी मंदिर, गोविन्द कुंड, आन्यौर में भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक पूज्य संतजनों, भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्रीनाथ जी मंदिर गोविंदकुंड आन्यौर श्री नाथ जी मंदिर गोविंदकुंड आन्यौर संचालक गोविंद दास, किशन यादव दिल्ली वाले, रॉकी शर्मा, श्याम जोशी, राजू कौशिक, आशू कौशिक, गिरिराज सिंह, हरेश सिंह, निशु यादव, तरुण चतुर्वेदी, रोहित चौधरी, गुड्डू यादव, सोनू, लालता यादव, महारसिंह यादव, रेखा यादव, अशोक यादव, संगीता पटेल, मिश्री पटेल, माधव सिंह, भगवान सिंह, मुकेश सिंह, राजवीर सिंह ठाकुर, लड्डुन सिंह, रूडी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू मंडल अध्यक्ष को पुत्र शोक गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बलदेव।** भाकियू चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष, समाज के दार्शनिक, चिंतक और सेना चिकत्सा कोर में तकनीशियन के रूप में देश की सेवा कर चुके रामवीर सिंह तोमर (गढ़सौली) के 32 वर्षीय बड़े पुत्र सॉफ्टवेयर इंजीनियर राहुल तोमर का शनिवार देर रात हृदय घात होने से निधन हो गया। राहुल 5 दिन पूर्व ही तीन महीने बाद फिलीपींस से लौटे थे, और एक मल्टीनेशनल कंपनी में मैनेजर थे।

उनके पार्थिव शरीर को रविवार उनके पैतृक गांव में हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। जब 2 वर्षीय अबोध पुत्र ने चाचा की गोद में मुखाग्नि दी तो उपस्थित जनसमूह का मुँह कलेजे को आ गया।

अंतिम संस्कार में बुलंदशहर, गाजियाबाद, भरतपुर, आगरा सहित जनपद के हजारों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर भाकियू चढ़ूनी प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर, भाकियू भानु के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश कुमार, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान, भाकियू अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर, भाकियू अन्नदाता राष्ट्रीय अध्यक्ष के डा. जेएस जाट, पार्षद सूरज तोमर, पार्षद दल के नेता राजवीर सिंह चौधरी के प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी, कर्नल तेजवीर सिंह, कर्नल अभिलाष, युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

विदित रहे सभी लोग 28 नवंबर को बेटी ही होने वाली शादी की व्यवस्थाओं में व्यस्त थे ऐसे मैं परिवार के युवा पुत्र के निधन ने सभी को झकझोर के रख दिया है।

# 24वें विशाल नि : शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन समारोह

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित 24वाँ विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न हुआ।

श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया ने कहा कि गोवर्धन में संचालित यह नेत्र चिकित्सा शिविर केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि उन असंख्य नेत्र रोगियों के लिए नई उम्मीद है, जो आर्थिक अभाव के कारण उचित स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुँच पाते। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा किया जा रहा यह सतत प्रयास मानवता और सामाजिक दायित्व का सच्चा प्रतीक है।उन्होंने आगे कहा कि हमारी सोसाइटी का उद्देश्य सदैव उन प्रयासों का समर्थन करना है जो सीधे समाज के हित में हों। बड़ी संख्या में मरीजों का शिविर में पहुँचना यह दशार्ता है कि लोगों में विश्वास और आवश्यकता दोनों अत्यधिक हैं। भविष्य में भी हम कल्याणं करोति के साथ मिलकर ऐसे शिविरों में निरंतर सहयोग करते रहेंगे।

हमारा लक्ष्य सदैव यह रहा है कि जरूरतमंद और कमजोर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क और सुलभ रूप से पहुँचें। उन्होंने शिविर की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब तक 874 नेत्र रोगियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया जा चुका है। इनमें से 510 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए हैं। 340 मरीजों के ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं तथा शेष मरीजों के ऑपरेशन निरंतर जारी हैं। भर्ती मरीजों को भोजन, दवाइयाँ, बिस्तर एवं देखभाल की सभी सुविधाएँ पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। समापन अवसर पर सभी रोगियों को चश्मे, आवश्यक दवाइयाँ एवं फल वितरित किए जाएँगे। सहयोगी एवं आयोजन समिति के सदस्य प्यारे लाल पाण्डेय (सचिव), गुलशन लाल भाटिया (कोषाध्यक्ष), सुभाष भाटिया, मदन लाल भाटिया, पंकज पारिख, रमेश शर्मा (भोलू), गुरूदीप, सुरेश यादव, एम.पी. शेखावत (प्रबन्धक) सहित अनेक समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में ग्रैंड फ्रेशर्स पार्टी 2025 का उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के एनएच-09, अनवरपुर, पिलखुवा, हापुड़, उत्तर प्रदेश स्थित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एसआईएमएस ऑडिटोरियम में ग्रैंड फ्रेशर्स पार्टी 2025 के कार्यक्रम सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नए प्रवेशित नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए स्वागत, प्रोत्साहन एवं सौहार्दपूर्ण शुरूआत का स्मरणीय अवसर रहा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक एवं भावनात्मक रूप से प्रोत्साहित करना, संस्थागत संस्कृति एवं मूल्यों से परिचित कराना, तथा व्यावसायिक नर्सिंग आचरण, अनुशासन, टीम वर्क, संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मानकों को सशक्त बनाना था। विद्यार्थियों को छिपी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा संगठनात्मक योग्यता प्रदर्शित करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुतियाँ, भावपूर्ण गायन, प्रेरणादायक वाचन, एवं विविध रचनात्मक मंचीय प्रस्तुतियों ने वातावरण को सांस्कृतिक उत्साह, तालियों एवं उल्लास से भर दिया। यह पूरा कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. आर.मनोहरी एवं उप-प्राचार्य केतन शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें अनीता रानी (एसोसिएट प्रोफेसर), संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थी समन्वयकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।एसआईएमएस के वरिष्ठ नेतृत्व एन. वर्धराजन (जनरल मैनेजर, रकटर) एवं रघुवर दत्त (डायरेक्टर, रकटर) का मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं संस्थागत सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग टीम एवं विद्यार्थियों को इस रचनात्मक, अनुशासित एवं प्रेरक स्वागत समारोह के सफल आयोजन पर बधाई दी।

# पत्रकार कालीचरण बिंदल पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मंडी क्षेत्र निवासी पत्रकार कालीचरण बिंदल पर कल रात्रि में नरसी विहार के सामने निकट मंडी समिति के पास उनकी बाइक को रोककर बदमाशों ने जानलेवा हमला किया है जिसके जनपद के पत्रकारों में भारी आक्रोश है।

पत्रकार कालीचरण बिंदल ने बताया कि वो कल रात्रि 9:30 बजे के आसपास अपने निजी कार्य से अपने निवास मंडी समिति लौट रहे थे। रास्ते में नरसी विहार कॉलोनी के सामने, अंग्रेजी शराब ठेके के निकट 4-5 बदमाशों ने उनकी बाइक को सरेआम रोककर उनसे शराब लाने/पिलाने को कहा। जब पत्रकार कालीचरण बिंदल ने शराब लाने/पिलाने से इंकार करते हुए विरोध किया तो बदमाशों ने एकराय होकर जमकर मारपीट करते हुए उनका सिर फोड़ दिया। कुछ पल बाद ही बदमाशों ने अपने अन्य 6-7 साथियों को बुला लिया और पुनः जमकर मारपीट करते हुए पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि शोरशराबा सुनकर कुछ स्थानीय लोगों ने बदमाशों का विरोध कर पत्रकार कालीचरण बिंदल की बमुश्किल जान बचायी।

घटना का पता लगने पर रात्रि में ही उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने संपूर्ण घटनाक्रम से उच्चधिकारियों को अवगत कराते हुए मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# उपजिलाधिकारी ने किया नगर पालिका का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी ने नगर पालिका परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उपस्थिति पंजिका का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जन्मझमृत्यु पंजीकरण, कर संग्रह, साफ-सफाई अनुभाग, लेखा विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण पटलों के रिकॉर्ड और कार्यप्रवाह की समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों से लंबित मामलों, जन शिकायतों के निस्तारण और दैनिक कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी बिना पूर्व सूचना और बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए गए।इस पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर उपस्थित होकर जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ और निर्धारित समय सीमा में पूरा करें।

पालिका कर्मियों ने कुछ तकनीकी कारणों और उच्च न्यायालय के स्टे आदेश के बाद पालिका में विभिन्न कार्यों में परेशानी होने और जल्द समस्या का समाधान करने की बात कही।

इस पर एसडीएम ने जिलाधिकारी को अपने निरीक्षण की आख्या पेश करने,सहित नगरवासियों को कोई समस्या नही हो इसके लिए जल्द तकनीकी समस्या का समाधान करने हेतु प्रयास करने की बात कही।एसडीएम ने कहा कि नगर पालिका का मुख्य दायित्व जनसामान्य को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इस दौरान एसडीएम ने पालिका में सभी कर्मचारियों को समयबद्ध होकर सभी कार्यों का निस्तारण करने के निर्देश प्रभारी ईओ को दिए।

## बरेली में एयरफोर्स हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग

**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र में सोमवार शाम इंडियन एयरफोर्स के एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) को तकनीकी खराबी के चलते सरसों के खेत में सुरक्षित उतारना पड़ा। गोरा लोकनाथपुर गांव के पास हुए इस घटनाक्रम से इलाके में हड़कंप मच गया। करीब चार बजे हुई इमरजेंसी लैंडिंग देखने को ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। एयरफोर्स से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर रूटीन ट्रेनिंग मिशन पर था। उड़ान के दौरान एक टेक्निकल स्नैग महसूस होते ही एयरक्रू ने तुरंत निर्णय लेते हुए सुरक्षित प्रिकॉशनरी लैंडिंग की। हेलिकॉप्टर को बिना किसी नुकसान के खेत में उतार लिया गया। एयरफोर्स ने बताया कि पायलट सहित सभी क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। आईएएफ अधिकारियों ने बताया कि जमीन पर भी किसी तरह की क्षति नहीं हुई है। बरेली एयरबेस से वायुसेना की रिकवरी टीम को घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है, जो हेलिकॉप्टर की तकनीकी जांच और आगे की प्रक्रिया को संभालेगी।

# जूनियर हाईस्कूल सिरसवाँ गौड़ में ब्लॉक-स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया




**टाण्डा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देश पर सोमवार को जूनियर हाई स्कूल सिरसवाँ गौड़ में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का पहला दिन उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एक मंच पर लाकर उनकी प्रतिभा, नवाचारी शिक्षण विधियों और उत्कृष्ट शैक्षणिक कौशल का आपसी आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में ब्लॉक के चयनित शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा प्रबंधन, तकनीकी उपयोग, विषयगत नवाचार और बेहतरीन शिक्षण तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों के इन प्रयासों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की और इसे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने में बेहद उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरपी विनय कुमार, एआरपी श्रवण कुमार, न्याय पंचायत प्रभारी कांकरखेड़ा सुदेश कुमार, सौरभ प्रासून तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता रहे। कार्यक्रम का संचालन पारुल जैन ने कुशलता पूर्वक किया।

इस अवसर पर अरविंद, संजय सैनी, रईस आलम, चंद्र प्रकाश पंत, राजेंद्र, अंजना, श्वेता बिसारिया, शाजिया अहसन, हेमा गुप्ता, संगीता सहित ब्लॉक के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम का दूसरा दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे बीआरसी नेकपुर में आयोजित होगा।

## सार संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की सदस्य का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 19 व 20 नवम्बर को

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 19 व 20 नवम्बर निर्धारित है। महिला आयोग की सदस्य दिनांक 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। पूर्वान्ह 11.20 बजे माध्यमिक विद्यालय रखहा में आंगनबाड़ी निरीक्षण/गोद भराई एवं अन्न प्रासन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। दोपहर 12.20 बजे बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 2.30 बजे गांगपाटी बेलखरनाथ में दीपक कुमार के आवास पर औपचारिक भेंट करेंगी। अपरान्ह 4 बजे दिलीपपुर थाना एवं महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करेंगी। दिनांक 20 नवम्बर को महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे मेडिकल कालेज पूरेकेशवराय/प्रशिक्षु छात्रों से संवाद करेंगी। पूर्वान्ह 11.30 बजे श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 1 बजे जिला कारागार को निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 2 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। अपरान्ह 3 बजे औचक निरीक्षण किया जायेगा।

### काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के तहत कॉलेज में हुआ प्रोग्राम




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजी लाइन ब्लॉक के मिजार्मुराद स्थित किसान इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के तहत छात्राओं द्वारा गायन और नृत्य का प्रोग्राम किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ किसान इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा ने मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहां की भारतीय सांस्कृतिक की जड़े लोक कलाओं में निहित हैं।ऐसे आयोजन से छात्राओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाना बहुत ही जरूरी है।इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम कर सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर करतानंद मिश्रा, सुरेन्द्र तिवारी, विमल सिंह, दीपमाला चौरसिया, बसंतलाल, अन्नपूर्णा जायसवाल, पूनम तिवारी, रितु गोयल, कमलेश यादव, अंजनी वर्मा, प्रीति सिंह और प्रतिभा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने इंटरलॉकिंग कार्य का किया शिलान्यास



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी विधानसभा के चक्रपानपुर गांव में सोमवार की शाम काशी के लोकप्रिय सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद निधि से विकास योजना के अंतर्गत बसंतलाल के घर से निगतपुर मार्ग तक लगभग 7 लाख 89 हजार रुपया की लागत से 180 मीटर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आजाद सिंह गौतम ने किया।पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहां की शहर से लेकर गांव तक प्रधानमंत्री द्वारा विकास किया जा रहा है जिससे हर नागरिक को राहत मिल रहा है।इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा उपेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र बिन्द, मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मनीष पाठक, रामधनी बिन्द, जितेंद्र राजभर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश की चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा वाराणसी द्वारा किया गया बैठक

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश की चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा वाराणसी का एक आवश्यक बैठक लोग निर्माण विभाग संघ भवन पर आहुति किया गया।

# बरेली कॉलेज में मिला युवक का शव

## बीम की सरिया से बेल्ट के फंदे पर लटका था शव, हत्या या आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** बरेली कॉलेज परिसर में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब न्यू एग्जामिनेशन हॉल के निमार्णाधीन हिस्से की बीम की सरिया पर एक युवक का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। शुरूआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है, वहीं लोग इसे हत्या बता रहे हैं।

पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। थाना बारादरी क्षेत्र के फालतुनगंज निवासी 30 वर्षीय बिहारी पुत्र कल्लू राम के परिजनों ने बताया कि वह सुबह खाना खाकर घर से निकला था। थोड़ी देर बाद पड़ोसियों ने सूचना दी कि उसका शव बरेली कॉलेज की नई एग्जामिनेशन बिल्डिंग में सरिया से लटका है।

परिजनों के पहुंचने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन परिस्थितियाँ संदिग्ध हैं। इसलिए हत्या की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। मृतक के भाई ने बताया कि बिहारी डेयरी पर काम करता था और उसने शादी नहीं की थी। वह सात भाइयों में सबसे छोटा था। उसके घर से कॉलेज की दीवार मिली हुई है, इसलिए यह भी जांच का विषय है कि वह कॉलेज परिसर में कैसे और कब दाखिल हुआ। पुलिस के अनुसार, युवक की कमर में बंधी बेल्ट का ही फंदा बनाया गया था। स्थानीय लोगों के बयान भी विरोधाभासी हैं कुछ लोग उसे सुबह से गायब बता रहे हैं, जबकि कुछ का दावा है कि वह रात से ही घर नहीं लौटा था। इसी वजह से पुलिस कैमरों की फुटेज खंगाल रही है कि आखिर वह कॉलेज में कब और कैसे प्रवेश किया।

पुलिस का कहना है कि घटना पूरी तरह संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉलेज कैंपस के सीसीटीवी फुटेज ही यह तय करेंगे कि यह आत्महत्या है या साजिशन हत्या। फिलहाल पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है और मृतक के परिवार से भी पूछताछ की जा रही है।

## बंदर और कुत्ते के हमले से दो बच्चे घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में अलगझअलग हुई दो घटनाओं में बंदर और कुत्ते ने दो मासूम बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अचानक हुए इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कस्बे में आवारा बंदरों और कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।कस्बा एलम निवासी नौ वर्षीय जतिन किराना की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह बच्चे को बचाया।वहीं दूसरी घटना में तीन वर्षीय दीपक अपने घर के आंगन में खेल रहा था, तभी एक बंदर ने उस पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। दीपक के रोने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत बाहर आए और उसे बचाया।दोनों ही घायल बच्चों को परिजन तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने रेबीज व अन्य आवश्यक इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।

# ट्रक के टक्कर से डीजे सवार पांच घायल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी के सामने हाइवे पर रविवार की देर रात डीजे के पिछले हिस्से में वारणसी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे डीजे पर सवार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के शिवरामपुर निवासी कमलेश राजभर, जसवंत राय व डीजे चालक अनिल यादव एवं मोंगलावीर (मिजार्मुराद) निवासी मुकेश राजभर व किशन घायल हो गया।

ट्रक धक्का मारने के बाद कुछ दूर तक डीजे को घसीटते हुए लेकर गई ग्रामीणों के चिल्लाने पर ट्रक चालक गाड़ी रोका।घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी खजुरी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई साबिर खान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और गम्भीर रूप से घायल मुकेश व किशन को इलाज हेतु सरकारी एम्बुलेंस से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेज दिये वही अन्य घायलों का इलाज पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवाकर कराए।

पुलिस द्वारा ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया गया वही क्षतिग्रस्त डीजे को हाइवे से क्रेन की मदद से हटवाकर पुलिस चौकी पर खड़ा करवा दिये।डीजे चालक अनिल ने बताया कि शिवपुर एक शादी में डीजे लेकर गया था वही से वापस लौट रहा था।

# सपा नेता की अवैध कॉलोनी पर चला बीडीए का बुलडोजर

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में सोमवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। ग्राम जौहरपुर में सपा नेता नरेश यादव द्वारा करीब 10 बीघा जमीन पर बिना स्वीकृति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। मौके पर बुलडोजर चलाकर प्राधिकरण की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई की सूचना फैलते ही आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन के अनुसार सपा नेता नरेश यादव बिना मंजूरी के भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल बनवाकर पूरी कॉलोनी तैयार कर रहे थे। प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि कॉलोनी की प्लॉटिंग खुलेआम की जा रही है और लोगों को भूखंड बेचे जा रहे हैं। जांच में मामला सही पाए जाने पर सोमवार को टीम मौके पर पहुंची। सहायक अभियंता गजेन्द्र पाल शर्मा, अवर अभियंता सुरेंद्र द्विवेदी, संदीप कुमार और प्रवर्तन दल ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की। देखते ही देखते बुलडोजर ने सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल समेत पूरे अवैध विकास को जमींदोज कर दिया।

कार्रवाई के दौरान कई स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। कुछ लोगों ने बताया कि कॉलोनी में भूखंड खरीदने के लिए बात चल रही थी, लेकिन मानचित्र स्वीकृति की जानकारी नहीं थी। बीडीए अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों को चेताया कि बिना विकास प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग और निर्माण पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में प्राधिकरण ध्वस्तीकरण कर सकता है और इसकी जिम्मेदारी निर्माण कराने वाले व्यक्ति की होगी। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूखंड या भवन को खरीदने से पहले उसकी मानचित्र स्वीकृति अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में आर्थिक नुकसान और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# ग्रामीण पत्रकारिता को सम्मान दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष होगा : महेंद्र नाथ सिंह

वेलकम इंडिया




**देवरिया/ संतकबीरनगर।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का जिला सम्मेलन जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा व संचालन महामंत्री डॉ.हरिशचंद्र मिश्रा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता को सम्मान दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष होगा।

पत्रकारिता की चुनौतियों को संगठन समझ रहा है। उसके लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। ग्रामीण पत्रकारों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष के तीसरे चरण में प्रदेश के 80 लोकसभा सांसदों व 403 विधायकों को ज्ञापन देने की तैयारी की जा रही है। 18 नवंबर से 18 दिसंबर तक प्रदेश में सदस्यता अभियान चलेगा। 24 दिसंबर तक प्रदेश की सभी तहसील इकाइयों का पुनर्गठन कर लिया जाएगा।

प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी ने कहा लोग आप पर विश्वास करते हैं इसलिए खबरों की विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान दें। पत्रकारिता में सच को जिंदा रखना ग्रामीण पत्रकारों की जिम्मेदारी है। प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों व 351 तहसील इकाइयों के पुनर्गठन की कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संगठन को व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए डिजिटल ऐप का निर्माण कराया जा रहा है। आने वाले समय में संगठन की सारी सूचनाओं ऑनलाइन पटल पर उपलब्ध रहेंगी। संगठन में काम करने वाले लोगों को ही तरजीह दिया जाएगा।

सम्मेलन में अश्वनी द्विवेदी ने संगठन के विकास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बरहज, सलेमपुर, भाटपार रानी रूद्रपुर, देवरिया सदर के तहसील अध्यक्ष ने भी अपनी बात रखी।

सम्मेलन को जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, पौहारी शरण राय, के. एन. राय, हरिद्वार राय, जय प्रकाश राव, सौरभ त्रिपाठी, बृज भूषण उपाध्याय राजकुमार तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# दरगाह आला हजरत न जाकर अखिलेश ने नाराज किए बरेलवी मुसलमान : मौलाना शहाबुद्दीन

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बिहार चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व बीजेपी गठबंधन की जीत और कांग्रेस-राजद की हार के पीछे एक अहम वजह मुस्लिम समाज के दो हिस्सों में बंटने की है, जिसे सियासी लोगों ने अभी तक ठीक से समझा नहीं।

मौलाना रजवी ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद पटना में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और सुन्नी सूफी (बरेलवी) उलमा के बीच इफ्तार कार्यक्रम को लेकर दूरी बढ़ गई। देवबंदी उलमा ने सीएम आवास के इफ्तार का निमंत्रण ठुकरा दिया, जबकि बरेलवी उलमा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद बिहार सरकार ने बरेलवी नेतृत्व को अहम पद देकर अपने साथ जोड़ा। यही वजह रही कि बिहार के करीब 60 प्रतिशत बरेलवी मुसलमानों ने नीतीश गठबंधन के पक्ष में वोट किया, जबकि देवबंदी मतदाता कांग्रेस गठबंधन की ओर झुके।

मौलाना रजवी ने यूपी चुनाव 2027 का जिक्र करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव कुछ दिन पहले बरेली आए थे, गलीझगली घूमे, लेकिन दरगाह आला हजरत पर हाजिरी लगाने नहीं पहुंचे। इससे प्रदेश के बरेलवी मुसलमानों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सहारनपुर जाते हैं तो दारुल उलूम देवबंद जरूर जाते हैं, लखनऊ के नदवा भी हर साल पहुंचते हैं, मगर आज तक दरगाह आला हजरत नहीं आए।

# बहेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर चिकित्सक नदारद इलाज के लिए भटक रहे मरीज

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** बहेड़ी के सरकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के चिकित्सकों पर लोगों का आरोप है कि चिकित्सक अपने कमरे में बैठते ही नहीं हैं। अकसर कमरे बिना चिकित्सकों के खाली पड़ें रहते हैं और मरीज चिकित्सकों इंतजार करते रहते हैं। सोमवार को भी दोपहर में कमरा नंबर 5, 4, और 15 खाली पड़ें नजर आए मरीज चिकित्सकों का इंतजार करते देखे गए हैं। लोगों का कहना है कि बहेड़ी का यह मुख्य सरकारी अस्पताल है।

पर्याप्त संख्या में चिकित्सक नहीं है और जो इसमें कार्यरत हैं वो भी समय पर बैठते नहीं हैं जिससे बीमार लोग बेहाल हैं। सभासद सलीम चन्द का आरोप कि सरकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में चिकित्सकों की भारी कमी है और जो मौजूद है वो टाइम पर बैठते भी नहीं हैं। जिससे गरीब मजबूर होकर इलाज के लिए धक्के खाते फिरते हैं।

इस वक्त वायरल चल रहा है जिससे फीवर, खासी और जुकाम हो रहा है जिसके इलाज के लिए गरीब लोगों का रुख सरकारी अस्पताल की तरफ होता है, लेकिन उनको चिकित्सकों की कमी और उनकी गैर हाज़िरी की वजह से परेशानी हो रही है। उच्च अधिकारियों से मांग की जाती है कि अस्पताल की व्यवस्था ठीक की जाए। पर्याप्त संख्या में चिकित्सक तैनात किए जाए जिससे गरीब लोगों को इलाज मिल सके। अब देखना होगा कि क्षेत्र की जनता की मांग पर जिला प्रशासन इस प्रकरण पर क्या रुख अपनाते हैं।

## ग्रामीण का बैंक खाता कर्मचारियों ने किया होल्ड, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण के बैंक खाता, बैंक शाखा ने होल्ड कर दिया पीड़ित ग्रामीण ने गांव के एक युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण बृजपाल ने बताया कि कई दिन पूर्व उसके पड़ोस के युवक अंकुर ने पीड़ित को बताया कि अपना बैंक खाता दे दीजिए उसमें कहीं से 50 हजार रुपए मागाने हैं। पीड़ित के बैंक खाते में रुपए आ जाने के बाद पीड़ित ने रुपए निकाल कर पड़ोसी युवक को दे दिए थे। सोमवार को पीड़ित अपने बैंक खाते से रुपए निकालने के लिए आया था तो बैंक कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि आपके खाते में आई रकम धोखाधड़ी द्वारा मंगाई गई है।

# दो बाइकों की भिड़ंत, मां-बेटी सहित बाइक चालक घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार महिला, उसकी मासूम बेटी और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया।

चिकित्सकों ने बाइक चालक की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि महिला और बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।शामली के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव मालैडी निवासी सीमा ने बताया कि वह अपने पुत्र सावन व 11 वर्षीय बेटी राधिका के साथ रमाला जिला बागपत से रिश्तेदारी से लौट रही थीं। जैसे ही वे भारसी मोड़ के पास पहुँचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गया। वहीं राहगीरों ने चीख-पुकार सुनकर तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने बाइक चालक सावन की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि सीमा और राधिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस फरार बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

# सड़क हादसे में एक महिला वह एक युवक की हुई मौत

**कांधला। (मोहसिन रहमानी )** नगर एवं क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे के दौरान एक महिला व एक युवक की मौत हो गई शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बिट्टू विगत गुरुवार को अपनी पत्नी अंजलि के साथ किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था ? चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। सोमवार को उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है। दूसरी और गांव मलकपुर निवासी इनाम का 18 वर्षीय पुत्र सोहिल सहारनपुर के कस्बा सरसावा में हाईवे पर डिवाइडर निर्माण कार्य करने के लिए गया हुआ था बस की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# कूड़े के ढेर में भीषण आग, धुआं फैलने से मोहल्लेवासी परेशान

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित बाल शमशान भूमि के निकट डाले गए कूड़े के ढेर में सोमवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते उठे घने धुएं से पूरे मोहल्ले में धुआं फैल गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और घरों में रहना तक मुश्किल हो गया। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासी किरणपाल, राजेश, मुकेश सहित आदि का कहना है कि कूड़ा न उठाए जाने के चलते यहां कूड़े का बड़ा ढेर बना रहता है, जिसके कारण ऐसे हादसे होते हैं।मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई भी पालिका कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कूड़ा उठाया जाता तो ऐसी स्थिति पैदा न होती।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ ने गीत, प्रतियोगिताए का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड( महिला प्रकोष्ठ) के तत्वावधान में रानी लक्ष्मी बाई के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती मृदुला अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती किरन अग्रवाल चौड़ेले के नेतृत्व में अपनी संस्कृति को बचाने हेतु बुंदेली संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम किया गया जिसमें संस्कृति को दशार्ती तुलसी पूजन के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यक्रम जैसे बुंदेली परिधानों में सज कर बुंदेली नृत्य, तुलसी घरवा, चौक पूरकर और बुंदेली गीत गाए प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसे संवारा गया कार्यक्रम की संयोजिकाओं, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनीता अग्रवाल, बबीता सरार्फ,आभा , पूजा , मोनिका अग्रवाल , गुंजा, सुषमा और नीता अग्रवाल द्वारा इस अवसर पर मुख्य रूप से झांसी की टीम मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा , झांसी संभागीय अध्यक्ष श्रीमती ममता , वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती विमला ,व मुख्य कोषाध्यक्ष श्रीमती रितु अग्रवाल उपस्थित रहे।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुंदर साज सज्जा से सुशोभित अपने कार्यक्रम को सजाते हुए पूरा परिवार उपस्थित रहा, जिनमें प्रमुख हैं रीता, मधु, गीता, भावना, गुंजन, रश्मि, स्मिता, रीना, ज्योति, उमा, शालिनी,रितु, नंदिनी, रजनी सुरेन्द्र, बीना गोयल, ममता,नीलम, अर्चना सूर्य प्रकाश, अनीता, भारती मच्छड़, बबीता, चंदा, दीपा सुलभ, ऊषा , पूजा व स्वाति आदि उपस्थित रहे।

# आधे गांव की नहीं मिल सकी 2003 की वोटर लिस्ट

**संतकबीरनगर।** जहां एक तरफ चुनाव आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चलाया जा रहा है। तो वहीं ईएसआर के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची नहीं मिल पा रही है। देवरियानासिर के आधा गांव की वोटर लिस्ट तो मिल गई है लेकिन आधे गांव की वोटर लिस्ट अब तक नहीं मिल पाई। जो कि ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है। चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में वर्ष 2003 की मतदाता सूची देवरिया नासिर के आधे गांव के लोगों को नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण अतीक अहमद, अबरार अहमद, अबू होरैरा, मुहम्मद इब्राहिम, ऐश मोहम्मद, राम बेलास, हरिकेश, राम लौट, राम किशुन आदि ने बताया कि बीएलओ से संपर्क किया गया तो बताया गया कि उनके पास भी नहीं है। गणना प्रपत्र तो मिला है लेकिन वोटर लिस्ट नहीं मिली है जिससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की गुहार लगाए हैं।

# पुलिस ने मुखलिसपुर तिराहा पुरानी सब्जी मंडी से हटवाया अतिक्रमण



**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक सदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस द्वारा मुखलिसपुर तिराहा पुरानी सब्जी मंडी से अतिक्रमण, फुटपाथ के किनारे लगाये गये ठेले तथा अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग/वाहन स्टैण्ड द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाया गया । आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

# विधायक ने पत्रकारों को कराया विधानसभा का भ्रमण



**शुकुलबाजार अमेठी (संवाददाता)।** विधानसभा जगदीशपुर के भारतीय जनता पार्टी से विधायक सुरेश पासी द्वारा विधानसभा जगदीशपुर क्षेत्र के शुकुल बाजार हलियापुर के प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल पत्रकारों को विधानसभा ले जाकर भ्रमण कराया गया पत्रकारों द्वारा विधानसभा भ्रमण के दौरान विधानसभा के विभिन्न पटल जैसे विधानसभा कार्यवाही स्थल पुस्तकालय पूर्व मुख्यमंत्री की गैलरी सहित अनेक ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन कराया गया इसी के साथ- साथ डिजिटल हेलीकॉप्टर द्वारा प्रदेश के विभिन्न धार्मिक प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराया गया विधानसभा क्षेत्र से पांच दर्जन से अधिक विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार विधानसभा भ्रमण में शामिल हुए सभी ने विधायक सुरेश पासी के इस कार्य की सराहना की है सभी ने कहा कि यह पहला मौका है जब मीडिया साथियों को एक साथ विधानसभा के भ्रमण का मौका मिला है।

# बजरंग दल ने दिखाया समर्पण, मृत गोवंश का किया अंतिम संस्कार

**कांधला।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने एक बार फिर गौ-सेवा और मानवता की मिसाल पेश की। नेशनल हाईवे किनारे मृत अवस्था में पड़े एक गोवंश की सूचना पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार किया। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड मंत्री अभय हुड्डा, रवि कश्यप, आशीष सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोवंश के शव को हटाने के लिए प्रारंभिक तौर पर जेसीबी उपलब्ध न होने के बावजूद कार्यकताओं ने हिम्मत नहीं हारी और स्वयं गड्ढा खुदवाना शुरू कर दिया।

# लक्ष्मी ताल तालाब का मत्स्य पालन /मत्स्य आखेट का पट्टा /साफ सफाई की व्यवस्था स्थानीय समिति को दी जाए

वेलकम इंडिया

**झांसी।** आज दिनांक 14/11/2025 को किशोरी प्रसाद रायकवार सचिव लक्ष्मी ताल मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डडियापुरा झांसी ने नगर आयुक्त महोदय को पत्र लिख कर लक्ष्मी तालाब के बारे अवगत कराया कि झांसी नगर निगम क्षेत्र में लगभग 25एकड़ का तालाब है जिसकी भूमि पूर्व में मछुआरा समाज के लोगों की हुआ करती थी समिति अपने सदस्यों के सामूहिक सहयोग से मत्स्य पालन का कार्य कर अपनी आजीविका चलाती थी तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय जनपद झांसी रजनीश दुबे जी के समय तालाब जलकुंभी ग्रसित था जिसकी सफाई सेना नहीं करा सकती थी तब समिति को तालाब की जलकुंभी की सफाई की जिम्मेदारी दी गई तब समिति ने 04 माह के अंदर संपूर्ण सफाई की थी जिलाधिकारी महोदय ने घोषणा की थी कि उक्त तालाब समिति को मत्स्य पालन /मत्स्य आखेट का पट्टा आजीविका चलाने के लिए दिया जायेगा पर जिलाधिकारी जि के जाते ही सब कुछ हवा हवाई हो गया तालाब की स्थिति ज्यों के त्यों हो गई फिर जगन्नाथ डीएम साहब ने पुनः कार्य कराया पर जिलाधिकारी के जाते ही सब वादे हवा में उड़ा दिए गए 2020 के स्मार्ट सिटी नगर निगम झांसी ने तालाब को तलैया बना कर सौंदर्य बिगाड़ने का कार्य किया आज तालाब की स्थिति अति दयनिय है।

मार्च 2025 में नगर आयुक्त महोदय सत्यप्रकाश जी ने सफाई की जिम्मेदारी समिति को दी और फिर समिति के पदाधिकारी बातों में आ गए समिति ने तालाब को जून माह में ही जलकुंभी मुक्त कर दिया जून माह में अति वर्षा होने के कारण तालाब के सूखे भाग में पानी पहुंचने से जलकुंभी पुनः उत्पन्न हो गई समिति के काय का आज तक पूर्ण भुगतान नहीं हुआ भुगतान होना शेष है जिसके लिए समिति आज भी पत्र देती आ रही है

आप महोदया तालाब पर निरीक्षण करने गई थी तालाब जलकुंभी ग्रसित है कुछ ही दिनो में तालाब पूरी तरह से जलकुंभी से भर जाएगा तालाब में जलकुंभी तेजी से बढ़ रही है तालाब के चारे और फूट फाट उखड़ गया है कइयों जगह घस गया जो कुछ दिनों टूट कर तालाब में गिर जायेगा लाइट खराब पड़ी है कई लाइट के पॉल उखड़ कर गिर गए है सिला पट भी निकल गय है

स्मार्ट सिटी के द्वारा रखी मोटर वोट चलती नहीं वह गल कर पूर्णता खराब हो गई है जो चलने योग्य नहीं है लाखों रुपए पानी में चला गया फूट फाट के बाउंड्री के नीचे गड्ढों में पानी भरा रहता है जिससे कीड़े मकोड़े मच्छरों का भरमार है लोगों का बैठन दुश्वार है ।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने मंडलीय अधिकारियों के साथ वाराणसी सिटी-युसुफपुर रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** ठण्ड और कोहरे के मौसम में संरक्षा,सतर्कता एवं स्टेशनों की स्वच्छता हेतु मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन 17 नवम्बर 2025 सोमवार को मंडलीय अधिकारियों के साथ वाराणसी सिटी - युसूफपुर रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केशरवानी,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय विनीत कुमार,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बालेन्द्र पाल,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक राय, सहायक मंडल इंजीनियर मुक्ता सिंह, सहायक मंडल इंजीनियर (बलिया) धर्मेन्द्र कुमार केन,सहायक वाणिज्य प्रबंधक डीके सिंह सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन सबसे पहले अपनी निरीक्षण स्पेशल से अंकुशपुर पहुंचे और अंकुशपुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पैनल, ब्लॉक यंत्र, पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफार्म,प्लेटफॉर्म पर लगे नए टीन शेड,बाउंड्रीवाल,आर सी सी बेन्चेस,वाटर बूथ तथा सकुर्लेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और स्टेशन के स्टोर रूम में पड़े परित्यक्त/कबाड़ को निस्तारित करने का निर्देश दिया।

गाजीपुर सिटी-युसुफपुर रेल खण्ड के निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने अपने स्वचालित निरीक्षण यान से युसूफपुर स्टेशन पहुँचे और युसुफपुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया ।

# रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा सवाराणसी स्टेशन पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा वाराणसी स्टेशन पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें। गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है

वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई वाराणसी कैंट स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने के जुर्म में 12 वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गया वाराणसी स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 9 पर ट्रेक पारकर आई दो महिलाओं द्वारा यात्रियों से न्यूसेंस करने के जुर्म में रेलवे एक्ट की धारा 147, 145 में मामला पंजीकृत किया गया तथा वाराणसी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 11061 पवन एक्सप्रेस एनईआर क्षेत्र से आने वाली ट्रेन में यात्रियों के मध्य ताली बजाकर न्यूसेंस करने के जुर्म में दो पुरुष किन्नर के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत किया गया तथा गाड़ी संख्या 13010 दून एक्सप्रेस में अनाधिकृत रूप से खाद्य पदार्थ बेचने के जुर्म में तीन अवैध वेंडरों के विरुद्ध के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गया।

# डॉक्टर अंसारी ने फेएस्टा 2025 का फीता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौली-अयोध्या।** रूदौली तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध मिलेनियम एजुकेशनल एकेडमी भेलसर में मिलेनियम फेएस्टा 2025 का भव्य आयोजन किया गया उत्साह और उमंग के साथ सपन्न हो गया कार्यक्रम का डाक्टर आरएच अंसारी फीता काटकर कार्यक्रम उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सीखने की उत्कृष्ट क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।




सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। बच्चों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, हिंदी और पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मॉडलों के माध्यम से अपनी नवाचार क्षमता और ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को देखने के लिए काफी संख्या अभिभावक जिसमे,महिलाएं व क्षेत्र लोग मौजूद रहे जिसे देखकर दर्शकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और अवधारणाओं की काफी सराहना की।प्रदर्शनी में विज्ञान विभाग के बच्चों ने मानव पाचन तंत्र,रक्त परीक्षण, मानव हृदय और ऑप्टिकल व रोबोट जैसे मॉडल प्रस्तुत किए। गणित के तहत त्रिकोणमिति पार्क संक्रियाएँ विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे।सामाजिक विज्ञान, इतिहास में प्राचीन व आधुनिक सभ्यता,जबकि भूगोल में दिन,रात की प्रक्रिया,जल चक्र और ज्वालामुखी जैसे आकर्षक मॉडल छात्रों ने पेश किए।हिंदी विभाग में मुंशी प्रेमचंद,विराम चिह्न और रानी चेनम्मा और पर्यावरण विषय पर खूबसूरत प्रदर्शनी लगी रही जो आकर्षण का केंद्र बनी रही। पर्यावरण अध्ययन में ड्रिप सिंचाई प्रणाली और बवंडर (टॉरनेडो) के मॉडल ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।बच्चों द्वारा कंप्यूटर द्वारा सोशल नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता प्रस्तुत की गई।मिलेनियम एकेडमी के अध्यक्ष डाक्टर आर एच अंसारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों के दिमाग का डब्लपमेंट होता है और हार्ट,लंग्स ,ब्रेन आदि कैसे काम करता है उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ रहे हैं और उनको प्रेक्टिकल करा रहे हैं तो वह हरचीज को समझ रहे हैं जान रहे हैं और अगर प्रेक्टिकल नहीं करा रहे हैं तो वह कहीं भी इंटरव्यू में जाएंगे तो उसमें वह फेल होंगे।उन्होंने बताया कि इसी लिए हमारे कालेज की प्रिंसिपल व समस्त विद्यालय परिवार की ओर से मिलकर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# पुलिस अलर्ट मोड पर, डॉग स्क्वायड के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** दिल्ली में लाल किले के निकट हुए भीषण कार विस्फोट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। ब्लास्ट में कई लोगों की मौत तथा कई घायल होने के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के तहत सोमवार को कस्बे में पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों, दिल्ली बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।

उपनिरीक्षक सुभाष सिंह एवं नरेंद्र वर्मा ने पुलिस बल तथा डॉग स्क्वायड टीम के साथ संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। जगह-जगह पुलिस को चेकिंग करते और डॉग स्क्वायड टीम को देखकर लोगों में हड़कंप का माहौल बना रहा। पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाशी के साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग भी की।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा तथा सख्त चेतावनी जारी की गई है।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में संचालित योजनाएं प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक

वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 हेतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में संचालित योजना प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कलैक्ट्रेट सभागार, हापुड़ में बैठक का आयोजन किया गया।



उक्त आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष पिलखुवा, ब्लॉक प्रमुख धौलाना, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हापुड़, खण्ड विकास अधिकारी धौलाना, हापुड़, सिम्भावली एवं गढ़मुक्तेश्वर तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में विभिन्न विभागों से 10 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 04 खेल स्टेडियम, 01 इण्टर कालिज, 01 बहुउदेशीय सार्वजनिक भवन, 01 बारात घर, 01 विवाह मण्डप एवं 01 ऑडिटारियम उक्त समस्त प्रस्तावित परियोजनाओं में कुल अनुमानित लागत धनराशि रू0 66.83 करोड (रू० छियासठ करोड़ तेरासी लाख) का व्यय किया जाना है।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह शिक्षा, संस्कार और कला का अद्भुत संगम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्थानीय दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में सोमवार को बड़े गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक रायजादा सेठ उमेश कुमार मोदी और धर्मपत्नी कुमकुम मोदी जी उपस्थित रहे। पुत्र माननीय अभिषेक मोदी एवं नंदनी मोदी जयेश मोदी एवं प्रिया मोदी जी भी उपस्थित थे।अतिथियों का स्वागत बैंड की मधुर ध्वनियों के साथ विद्यालय के हेड बॉय अंशराज और हेड गर्ल श्रेया वशिष्ठ के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर, किया गया। इस अवसर पर विद्यालय उपाध्यक्ष राजीव बोबल और प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा के द्वारा विद्यालय की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया। दिवंगत संस्थापिका अध्यक्षा, दयावती मोदी की 110वीं जयंती के अवसर पर छात्रों के द्वारा शिक्षा, कला और समाज कल्याण के प्रति 'मां जी' की उल्लेखनीय विरासत को समर्पित करते हुए, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रमों का प्रारंभ देवी स्तुति झमाँ शक्ति है से की गई।इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों द्वारा ऊर्जा से भरपूर नृत्य की प्रस्तुति की गई। सीनियर विंग द्वारा डांस ड्रामा विंग्स टू फ्लाई प्रस्तुत किया गया । जिसमें देशभक्ति और आत्मविश्वास के भाव को दशार्या गया। जूनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा 360 डेवलपमेंट ऑफ अ चाइल्ड विषय पर एक प्रेरणादायक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई ।इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास शिक्षा, खेल और आध्यात्मिकता का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर सेठ उमेश कुमार मोदी एवं कुमकुम मोदी द्वारा छात्रों जलज पालीवाल एवं कमिका सोम को रायबहादुर अवार्ड और आर्यन गुप्ता एवं आराध्या तोमर को रायबहादुरनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह के अवसर पर मुख्य प्रबंधक रायजादा सेठ उमेश कुमार मोदी ने संस्थापिका अध्यक्षा दयावती मोदी की प्रेरणादायक जीवनगाथा को नमन करते हुए और उनके द्वारा प्रज्ज्वलित शिक्षा दीप के माध्यम से सीखने और करुणा की भावना को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय में चलाई जा रही उच्च स्तरीय गतिविधियों को सराहते हुए , सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संबोधन दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा ने बताया कि यह वार्षिक समारोह न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है, बल्कि यह दयावती मोदी जी की शिक्षाओं और मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर भी है। संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधन, आर0 के0 तायल, डॉ जे0 सी0 चावला जूनियर विंग इंचार्ज रश्मि तेवतिया एवं प्राइमरी विंग इंचार्ज रिया भदवार, रोहित शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और सहकर्मियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावकों और अतिथिगण द्वारा राष्ट्रगान करके किया गया ।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में इंडक्शन व फ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज,मोदीनगर के बी. कॉम एवं अर्थशास्त्र विभाग (स्वपोषित) का इंडक्शन व फ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा , वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. सारिका गर्ग व अन्य शिक्षिकाओं ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। बी. कोमकी छात्रा अवनि ने गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी। छात्राओं के आग्रह पर संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सारस्वत ने अपनी मधुर आवाज में एक गीत प्रस्तुत कर वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया! कार्यक्रम में मंच संचालन किया ?म. ए. अर्थशास्त्र की छात्रा खुशी भोला व विशाखा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस फ्रेशर का चुनाव छात्राओं ने कैटवाक में बढ़चढ़कर अपनी अदाओं से वातावरण को फैशन के जलवे में सराबोर कर दिया। मिस फ्रेशर बी. कॉम चुनी गयीं ज्योति, मिस फ्रेशर म.ए. चुनी गयीं आयुषीतथा गौरी। प्राचार्या जी ने विजेता छात्राओं को बधाई तथा अपनी शुभकामनाओं व आशीर्वचनों से आशीर्वादित किया! कार्यक्रम का आयोजन करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयुषी, गौरी, सिमरन, वंशिका, ज्योति, ने। ज्ञात हो कि गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय में इसी वर्ष बी. कॉम. स्ववितपोषित प्रारम्भ हुआ है तथा 60 सीटों पर 50 छात्राओं ने एडमिशन ले कर विभाग को सुशोभित किया! कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं व छात्राओं ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सुशोभित किया।

## सड़क दुर्घटना में आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश ढोडी का निधन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुरादनगर रैपिड स्टेशन के पास रविवार को तेज रफ्तार आयशर कैंटर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका मोदीनगर, गोविंदपुरी के पूर्व सभासद एवं आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश ढोडी गाजियाबाद से लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयशर कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।पूर्व सभासद की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजन, मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनेक सभासद एवं गणमान्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मोदी कॉलेज के छात्रों का विज्ञान मॉडल जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मंडल स्तर के लिए चयनित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी जो जीजीआईसी विजयनगर में आज हुई इसमें डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। जिसमें जूनियर वर्ग के कक्षा के छात्रों राघव जांगिड़ व काव्यांश सागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सम्मान में प्रशस्ति पत्र मोमेंटो प्राप्त किया तथा मंडल स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए सीनियर वर्ग में कक्षा के कुनाल ,पुनीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सम्मान में प्रशस्ति पत्र वोमेंटो प्राप्त किया तथा मंडल स्तर की प्रदर्शनी लिए चयनित हुए सीनियर वर्ग में कक्षा के भविष्य सागर, भरत जांगिड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्राफी प्रशस्ति प्राप्त किया। मंडल स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए मंडल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शन 2025 प्रदर्शनी 18 तारीख में डीएन इंटर कॉलेज मेरठ में होगी। सीनियर वर्ग में भविष्य सागर व भारत जांगिड़ ने स्मार्ट ब्रिज फॉर रेलवे स्टेशन का उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया जिसे मंडल स्तर की प्रदर्शनी में के लिए चयनित किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने की प्रशंसा की सीनियर वर्ग में कुनाल व पुनीत ने हेल्थ एंड हाइजीन में चिमनी से निकलने वाले धुएं से कार्बन को एक्सट्रैक्ट करने में तथा उसमें उपस्थित विभिन्न गैसों को जैसे नाइट्रोजन आदि गैसों को अलग-अलग करके वायुमंडल में केवल ऑक्सीजन गैस कोई जाने का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया। राघव जांगिड़ वह काव्यांश सागर ने टोल पर जो भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किए जाते हैं। उनके लिए एक ऑटोमेटिक बैरियर का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया इस मॉडल के आधार पर जो भारी वाहन है। जिन पर प्रतिबंध रहते हैं वह अपने आप ही बैरियर अपने आप रोक देगा और जो वहां हल्के वाहनों को जाने देगा कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल सभी मंडल स्तर विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित और उनके गाइड टीचर राजीव वर्मा रसायन विज्ञान प्रवक्ता को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया और उन्होंने कहा इस प्रकार छात्रों के साथ मेहनत करने से छात्र जरुर सफल होते हैं हमें छात्रों के साथ कठिन परिश्रम करना चाहिए उनका सही मार्गदर्शन करना चाहिए यही हमारा उद्देश्य है।

## भाजपा के जिला महामंत्री का जन्मदिन मनाया

**शिकारपुर (बुलंदशहर)।** कोतवाली शिकारपुर के गांव पहाड़पुर हवेली निवासी भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संजय चौधरी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। सोमवार को नवीन अनाज मंडी में स्थित उनके प्रतिष्ठान पर भाजपा के जिला महामंत्री और किसानों व मजदूरों के नेता संजय चौधरी का साथी व्यापारियों ने जन्मदिन मनाया है। आढ़ती संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश सिंघल, अनिल मित्तल, रोहित चौधरी, गजे सिंह लइक अहमद, लबी गर्ग, राजकुमार शर्मा, नितिन गर्ग और मूलचंद आदि व्यापारियों ने मिष्ठान खिलाकर जन्मदिन मनाया है। साथी व्यापारियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।



## अंडर-15 शतरंज फेस्टिवल में अक्षित शर्मा ने जीता तीसरा स्थान



वेलकम इंडिया

- युवा प्रतिभा ने कठिन मुकाबलों और रणनीति के बल पर हासिल की सफलता, जिले और स्कूल का मान बढ़ाया
- ग्लोबल स्पोर्ट्स एकेडमी चेस फेस्टिवल में अक्षित ने दिखाया धैर्य, रणनीति और मानसिक मजबूती का जौहर

**गाजियाबाद।** शतरंज के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और रणनीति के बल पर हमेशा दर्शकों और खेल प्रेमियों को प्रभावित करते हैं। इसी क्रम में नोएडा में आयोजित अंडर-15 रेपिड चेस फेस्टिवल में गाजियाबाद के मेरठ रोड डीपीएस पब्लिक स्कूल के छात्र अक्षित शर्मा ने यह साबित कर दिया कि उम्र केवल एक संख्या है, जब जुनून, मेहनत और लगन साथ हों। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ग्लोबल स्पोर्ट्स एकेडमी चेस फेस्टिवल और टैक्टिकल सपोर्ट माइंडगेम्स चेस एकेडमी के तत्वावधान में सेक्टर-50, नोएडा स्थित रामाज्ञया स्कूल में आयोजित की गई थी। अंडर-15 वर्ग में 2010 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग लेने के पात्र थे। नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के जिलों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने इस टूनार्मेंट में हिस्सा लिया। अक्षित शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत और रणनीतिक सोच के बल पर अंडर-15 वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उनके खेल में केवल तकनीकी कौशल ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, धैर्य और विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। अक्षित हमेशा अपने से बड़े और अनुभवी खिलाड़ीयों के साथ खेलते हैं और हर मैच को सीखने का अवसर मानते हैं। अक्षित ने अपनी सफलता पर कहा कि मैंने इस प्रतियोगिता में हमेशा अपनी योजना के अनुसार खेला और हर चाल सोच-समझकर चलने की कोशिश की। शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और सही निर्णय लेने की कला भी सिखाता है। मेरी कोशिश रही कि हर मैच को चुनौती मानकर खेलूँ। यही मेरी सफलता का मुख्य कारण रहा। अक्षित के माता-पिता, प्रीति शर्मा और मनोज शर्मा, अपनी संताने की उपलब्धि से बेहद गर्वित हैं। उन्होंने कहा कि अक्षित ने छोटी उम्र से ही शतरंज में लगन दिखाई है और पढ़ाई के साथ खेल में भी संतुलन बनाए रखा है। उनका मानना है कि यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता में अंडर-10 और अंडर-15 की दो श्रेणियां थीं। अक्षित ने अंडर-15 श्रेणी में उत्कृष्ट खेल दिखाया और तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और जिले का मान बढ़ाया। उन्होंने कई कठिन मुकाबले खेले और अपने अनुभव एवं अनुशासन के बल पर प्रतिद्वंदियों को मात दी। जजों और दर्शकों ने उनके खेल की सराहना की। स्कूल के शिक्षक और प्राचार्य उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके शिक्षक कहते हैं कि अक्षित जैसे छात्र न केवल खेल में, बल्कि शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी में भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। अक्षित शर्मा की यह उपलब्धि पूरे गाजियाबाद जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। भविष्य में उनका लक्ष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रौशन करना है। अधिकारियों और खेल प्रशिक्षकों का मानना है कि अक्षित आने वाले समय में शतरंज में नई ऊँचाइयों को छूएंगे और जिले के लिए कई और उपलब्धियाँ हासिल करेंगे।

## अगौता थाना पुलिस ने दो नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार

अगौता/ बुलंदशहर/सोमवार को अलग अलग गांवों से थाना अगौता पुलिस ने 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण जुल्फीकार पुत्र मलखान निवासी ग्राम ढकौली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर सम्बन्धित वाद सं0 648/18 सरकार बनाम जुल्फीकार धारा 135 विद्युत अधि0 अभियुक्त कैपाल पुत्र केवल निवासी ग्राम लुहारली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर सम्बन्धित वाद सं0 813/16 सरकार बनाम कैपाल धारा 135 विद्युत अधि0 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ! थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि इन दोनों नफर वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।



# निर्वाण फाउंडेशन का ट्यूशन वसूली के खिलाफ बड़ा अभियान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन ने शिक्षा विभाग को एक ऐतिहासिक प्रस्ताव सौंपते हुए स्कूल शिक्षा को रटंत से मुक्त करने, बच्चों को जीवनोपयोगी कौशल देने और अभिभावकों पर ट्यूशन/कोचिंग के नाम पर होने वाली अन्यायपूर्ण ह्यमहीना वसूलीह्न को समाप्त कराने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू किया है ।निर्वाण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद ने कहा कि शिक्षा 14 वर्ष तक मुफ्त है, फिर ट्यूशन क्यों? संस्था ने प्रेस को बताया कि जब संविधान के अनुसार 6झ14 वर्ष तक की शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है, तो इस आयु वर्ग के बच्चों से ट्यूशन वसूली एक प्रकार का अनैतिक आर्थिक बोझ और शिक्षा व्यवस्था की विफलता दशार्ता है।

अभिभावकों की मजबूरी है स्कूल में पढ़ाई कमजोर, और बच्चा ट्यूशन के बिना आगे नहीं बढ़ेगा। निर्वाण फाउंडेशन का कहना है की यदि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण और जीवनोपयोगी शिक्षा मिलेगी, तो ट्यूशन की मजबूरी अपने-आप खत्म हो जाएगी। जीवनोपयोगी शिक्षा मॉडल ट्यूशन का सबसे बड़ा विकल्प संस्था ने जिला शिक्षा अधिकारी को सात पूरक विषयों पर आधारित जीवनोपयोगी शिक्षा मॉडल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने का विस्तृत प्रस्ताव दिया है। संस्था के सचिव विजय लक्ष्मी, संस्था के महासचिव जय सिंह ने कहा हम बच्चों को ट्यूशन-निर्भर नहीं, जीवन-निर्भर बनाना चाहते हैं ।जब बच्चा स्कूल में ही सब सीख लेगा, तब ट्यूशन वसूली की जड़ अपने-आप खत्म हो जाएगी। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने कहा—यह सिर्फ एक प्रस्ताव नहीं, बल्कि आंदोलन की शुरूआत है ।हम गाजियाबाद को ट्यूशन-मुक्त, कौशल-आधारित शिक्षा वाला पहला जिला बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। पेमवती, महेंद्र, बंटी, सोनू, ओमकार, प्रदीप, अमित, बाबूराम आदि अभिवाकों से शिक्षा मे संशोधन करने की मांग और ट्यूशन के नाम की अवैध वसूली पर कहा की हम सभी जनता को जागरूक करेंगे और निर्वाण फाउंडेशन की मांग का पूर्ण समर्थन करते है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का हुआ भव्य लोकार्पण

वेलकम इंडिया

मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भदौली का लोकार्पण बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद द्वारा कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं हेतु कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, भादौली मुरादनगर के नव-निर्मित भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बृजभूषण त्यागी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, एम्स नई दिल्ली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी ने विद्यालय भवन का रिबन काटकर विधिवत लोकार्पण किया ।खंड शिक्षा अधिकारी मुरादनगर जमुना प्रसाद ने बताया कि उक्त भवन की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2023झ24 में प्राप्त हुई थी, जिसके लिए शासन द्वारा ?5 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई थी। इस अवसर पर विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी ने कहा कि नए भवन के लोकार्पण से क्षेत्र की छात्राओं को उच्च-गुणवत्ता वाली शैक्षिक एवं आवासीय सुविधाएँ प्राप्त होंगी। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बालिका उच्च शिक्षा से वंचित न रह जाए ।इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर, बुके देकर, स्टॉल एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके गाँव में बच्चियों के लिए इस प्रकार उच्च विद्यालय बनाने के लिए विधायक एवं बेसिक शिक्षा विभाग का धन्यवाद देते हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं पौधारोपण भेंट किया गया ।कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल, बालिका शिक्षा श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा किया गया ।इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी, कपिल त्यागी, रविदत्त त्यागी, मांगू शर्मा ,सुभाष, मूलचंद, दिनेश त्यागी, अनिल त्यागी, भूप सिंह, नीतू, सलेख, निधि त्यागी ,खंड शिक्षा अधिकारी मुरादनगर जमुना प्रसाद, पवन कुमार भाटी, जिला समन्वयक रुचि त्यागी, डॉ. राकेश अग्रवाल, कुणाल मुद्गल, गौरव त्यागी, सिंपल चौधरी, अनुभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका की समीक्षा बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मा.मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यों से सम्बंधित) एवं सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित रू0 1 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं की प्रगति से सम्बंधित समीक्षा बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान पुस्तिका में जनपद की रैंक 43 है जिसमें विकास कार्यों में 43 व राजस्व कार्यों में 37 है। प्रदर्शित 87 योजनाओं में से 15 योजनाएं जनपद में संचालित नहीं है। शेष 72 योजनाओं में ए ग्रेड में 55, बी ग्रेड में 08, सी ग्रेड में 04 व डी ग्रेड में 05 प्राप्त हुए। जिसमें बी ग्रेड में दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10), निपुण परीक्षा आंकलन, पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, नई सड़कों का निर्माण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, सी ग्रेड में फैमिली आई०डी०, अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, सिल्ट सफाई (रबी फसली), निर्माण कार्य (सीएमआईएस) व डी ग्रेड में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, डे एनआरएलएम आरएफसीआईएफ, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति, सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हैं।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बी, सी व डी ग्रेड लाने वाले विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यशैली में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद की रैंक में उत्कृष्ट सुधार हेतु सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बंधित सभी विभागों के अध्यक्षों/अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना के अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करते हुए लाभार्थियों को लाभ दिलायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी बनने से जो परिवार शेष रह गये हैं उन सभी की फैमिली आईडी बनाई जाएं। उन्होने सभी विभागाध्यक्षों को डीडी कृषि के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु ग्राम सौंपते हुए निर्देशित किया कि शीघ्र ही फार्मर रजिस्ट्री से बचे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाना/कराना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होने इस अवसर पर निर्देशित किया कि निवार्चन कार्य एसआईआर की जिम्मेदारी तो निभानी ही है साथ में उक्त सभी कार्य करने भी अनिवार्य हैं। कार्य समय से पूर्ण ना होने कि स्थिति में उक्त के विरूद्ध नोटिस सहित विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

इसके उपरान्त सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित रू0 1 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने जाना कि जनपद में कुल परियोजनाओं की संख्या–321, पूर्ण परियोजनाओं की संख्या–157, अपूर्ण परियोजनाओं की संख्या–119 व माह अक्टूबर मे विलम्बित परियोजनाओं की संख्या–45 हैं। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जाना गया कि किन–किन कारणों से उक्त परियोजनाएं विलम्बित हैं, उन्होने सम्बंधित संस्था/विभाग को निर्देशित किया कि उक्त को को समयान्तराल में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। आगामी माह की बैठक में उक्त परियोजनाऐं विलम्बित ना रहने पाएं।

बैठक में सम्बंधित सभी विभागध्यक्षों/अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को सफल बनाने के लिए आगे आएं मतदाता: जिलाधिकारी ने की अपील

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं और भरे हुए प्रपत्र एकत्र कर रहे हैं। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन, सटीक और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए नए मतदाताओं के नाम जोड?, पुराने विवरण संशोधित करने और आवश्यक सुधार के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता की सक्रिय भागीदारी इस कार्य को सफल बनाती है। इसलिए घर-घर आने वाले बीएलओ को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना और उसकी पावती लेना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भरे हुए गणना प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। केवल सटीक और अद्यतन जानकारी भरना ही पर्याप्त है। यह प्रक्रिया सरल, सहज और पूरी तरह पारदर्शी है, इसलिए मतदाताओं से अपेक्षा है कि बिना किसी संकोच के इसमें भाग लें और बीएलओ को पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य समयबद्ध और अत्यंत महत्व के होते हैं। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विधानसभा के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो और किसी पात्र नागरिक का नाम न छूटे। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। जिलाधिकारी माँदड़ ने आशा व्यक्त की कि गाजियाबाद के सभी नागरिक बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वेक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह से अद्यतन होकर समय पर निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रत्येक मतदाता की सुविधा और सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। निर्वाचन विभाग द्वारा जनपद में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया को समझें और अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समय पर गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएँ। जिलाधिकारी ने अंत में सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार और कर्तव्य को समझें तथा पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने में प्रशासन का साथ दें।

# तलाकशुदा जीवन पर चल रहे विवाद के बीच पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र में सोमवार सुबह लोहियानगर चौकी क्षेत्र स्थित हिंदी भवन के पास एक महिला पर उसके पति ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ी महिला को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसे तत्काल संजय नगर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी में उसका उपचार कर रही है। घटना सुबह उस समय हुई, जब नंदग्राम निवासी सीमा आरडीसी की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, जैसे ही वह हिंदी भवन के पास पहुंची, तभी उसके पति रमेश ने पीछे से अचानक उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। उसने महिला के गले, पेट और हाथ पर कई चाकू वार किए और मौके से फरार हो गया। हमले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को पुलिस के आने तक सहारा देकर सुरक्षित स्थान पर रखा। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत होता है। सीमा और उसके पति रमेश के बीच पिछले चार वर्षों से तलाक का मामला चल रहा है, जिसके चलते दोनों में लगातार तनातनी बनी रहती थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और महिला की स्थिति में सुधार होने पर उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। थाना सिहानी गेट प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं।

# पुलिसिंग में पारदर्शिता लाने व जनता की सुविधा के लिये कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम की शुरूआत

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट ने अपने कामकाज में पारदर्शिता, तेजी और जनता की सुविधा को सबसे ऊपर रखते हुए एक बड़ी डिजिटल पहल की है। ह्यकमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टमह्व, यानी सीसीएमएस को आज औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया गया है। यह सिस्टम ह्यडेटा-संचालित पुलिसिंगह्व और ह्यजन-केंद्रित पुलिसिंगह्व के विजन को मजबूत करता है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाएं आम नागरिकों के लिए और अधिक सरल, स्पष्ट और सुलभ हो जाती हैं। पुलिस आयुक्त द्वारा जारी सिटीजन चार्टर के तहत गाजियाबाद पुलिस ने कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए– जिनका उद्देश्य जनता तक सुविधाओं को घर बैठे पहुँचाना और पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी बनाना है। एफआईआर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की होम डिलीवरी शुरू की गई है। इसके तहत अब तक 5631 एफआईआर सीधे लोगों के घरों तक पहुंचाई जा चुकी हैं। गाजियाबाद पुलिस का मानना है कि सीसीएमएस न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक सुविधा को नए स्तर पर ले जाएगा। यह प्रणाली न केवल पुलिसिंग को आधुनिक बना रही है, बल्कि नागरिकों के मन में न्याय प्रक्रियाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ा रही है। गाजियाबाद पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था बनाने में सहयोग दें।

# फेसबुक पोस्ट के विवाद के बाद युवक को मिली जान से मारने और कार तोड़ने की धमकी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक को फेसबुक पर अपनी पोस्ट डालने के बाद धमकियाँ मिलने का मामला सामने आया है। शालीमार गार्डन के विक्रम एन्क्लेव निवासी गौरव पांचाल ने आरोप लगाया कि हिंदू रक्षा दल के कथित कार्यकर्ता शिवम ठाकुर उन्हें लगातार जान से मारने और उनकी कार तोडे की धमकी दे रहा है। गौरव ने बताया कि उन्होंने 14 नवंबर को अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट डाली थी। इस पोस्ट में उन्होंने शिवम ठाकुर की एक ऑडियो क्लिप भी साझा की थी। ऑडियो में आरोपित बच्चों के विवाद को सुलझाने के नाम पर अवैध रकम की मांग कर रहा था। पोस्ट डालने के बाद से ही आरोपित ने गौरव को धमकियाँ देना शुरू कर दिया। आरोपित ने चेतावनी दी कि यदि वह मोहननगर के आसपास दिखाई देंगे, तो वह उनकी कार और उन्हें दोनों को नुकसान पहुंचाएगा। साहिबाबाद के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्वेता यादव ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस जांच में जुटी है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थियों ने वॉकाथन-2025 में बढ़-चढ़कर लिया भाग, सड़क सुरक्षा का संदेश पहुँचाया

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** रामलीला ग्राउंड, कविनगर में गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित 'वॉकाथन-2025' में आई.टी.एस - मोहन नगर के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना था। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों की भागीदारी ने न केवल सड़क सुरक्षा संदेश को मजबूती प्रदान की, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को भी उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने श्री अर्पित चड्ढा का विशेष रूप से सम्मान किया। उन्हें इस आयोजन को सफल बनाने और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान के लिए सराहना दी गई। अर्पित चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि आई.टी.एस हमेशा सामाजिक सरोकारों और जनहित के अभियानों में अग्रणी रहा है। वॉकाथन-2025 के माध्यम से हम सभी मिलकर गाजियाबाद को सुरक्षित और जागरूक शहर बनाने का संदेश दे रहे हैं। युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों में मेयर सुनीता दयाल, पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) आलोक प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं क्राइम) केशव कुमार चौधरी और डीसीपी सिटी धवल जायसवाल शामिल थे। सुनीता दयाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का योगदान ट्रैफिक जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत सराहनीय है। छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से यह संदेश और प्रभावशाली बनता है। आई.टी.एस - मोहन नगर के छात्रों और संकाय सदस्यों ने पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ वॉकाथन में हिस्सा लिया। उन्होंने केवल भागीदारी ही नहीं दिखाई, बल्कि प्रत्येक कदम के माध्यम से सड़क सुरक्षा और नियम पालन के महत्व को आम जनता तक पहुँचाने का संकल्प भी दोहराया।



# दया, संवेदना और सेवा का गहरा संदेश लेकर लौटे एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फामेर्सी विद्यार्थी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा डिप्लोमा इन फामेर्सी के विद्यार्थियों के लिए सोमवार को आयोजित एक विशेष शैक्षणिक एवं मानवता-आधारित भ्रमण ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। विश्वविद्यालय ने नोएडा सेक्टर-112 स्थित वृद्धाश्रम नवज्योति प्रेरणा फाउंडेशन (रिटायरमेंट होम) में विद्यार्थियों को ले जाकर न केवल उनके ज्ञान को विस्तृत किया, बल्कि उनके हृदय में मानवीय संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को गहराई से स्थापित किया। यह यात्रा प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा, निदेशक और प्रोफेसर डॉ. बबीता अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व-कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (एकेडमिक्स) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा कुलसचिव डॉ. राजीव रतन के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। वृद्धाश्रम पहुँचते ही विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों का स्वागत प्रेम और आत्मीयता से किया गया। बुजुर्गों ने मुस्कुराकर विद्यार्थियों को अपनाया और विद्यार्थियों ने भी पुष्पगुच्छ अर्पित कर सम्मान प्रकट किया। संस्था के निदेशक ने वृद्धाश्रम की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और सेवा भावना से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह जगह उन वृद्धों का घर है, जिन्हें परिवार या सहयोग की आवश्यकता है। यहाँ उन्हें भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा और भावनात्मक सहारा प्रदान किया जाता है।